

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 26 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-089 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जिला सहकारी समिति के 5 कर्मचारी बर्खास्त 2 को डिमोशन

**बिलासपुर,26 जून।** भ्रष्टाचार के आरोप में जिला सहकारी समिति के 5 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है. साथ ही दो का डिमोशन किया गया है. यह कार्रवाई जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के स्टाफ उपसमिति की बैठक के बाद की गई है. बैठक में कलेक्टर, उप आयुक्त सहकारिता और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं और सहकारी बैंक के सीईओ उपस्थित थे. इन कर्मचारियों पर धान खरीदी में गड़बड़ी, बैंक से फर्जी तरीके से पैसे का आहरण, काम में लापरवाही के मामले दर्ज किए गए थे.

### जगदलपुर निगम में कांग्रेस ने चुना नेता प्रतिपक्ष

**जगदलपुर,26जून।** जगदलपुर नगर निगम की सत्ता खोने के बाद विपक्ष की भूमिका में आई कांग्रेस ने अपने नेता प्रतिपक्ष का चयन किया है. कांग्रेस नेताओं ने उदय नाथ जेम्स को नेता प्रतिपक्ष चुना है, वहीं राजेश राय को उप नेता प्रतिपक्ष चुना गया है. दोनों का चुनाव ऑब्जर्वर और भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव एवं कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेश ठाकुर की मौजूदगी में हुआ. दरअसल, कांग्रेस की महापौर और अन्य दो पार्षदों के भारतीय जनता पार्टी में जाने की वजह से जगदलपुर नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ठीक लोकसभा चुनाव से पहले बन गई थी, जिसके बाद एमआईसी के कांग्रेसी पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया था. इस्तीफा के बाद विपक्ष में आई कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष चुनना था, इसके लिए देवेंद्र यादव एवं नरेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई थी. दोनों ही वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जगदलपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष का चयन किया गया.

### 22 जुलाई से शुरू होगा छग विस का मानसून सत्र

**रायपुर,26 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र अगले महीने शुरू होगा। यह सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 26 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान कुल 5 बैठकें होंगी। मानसून सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने आदेश जारी कर दिया है।विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा की ओर से अधिसूचना में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम् विधान सभा का तृतीय सत्र सोमवार, 22 जुलाई, 2024 से प्रारंभ होकर शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 तक रहेगा। इस सत्र में कुल 05 बैठकें होंगी।इस सत्र में वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य सम्पादित किये जायेंगे। इस सत्र में साय सरकार बजट के कई प्रविधानों को लागू करने की घोषणा कर सकती है, जिसमें अधोसंरचना विकास से लेकर सरकारी विभागों में भर्तियां आदि शामिल हैं। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में विभिन्न घोटालों को लेकर बनी जांच समितियों की कार्यवाही व रिपोर्ट पर भी इस सत्र में चर्चा हो सकती है। इस मानसून सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण संशोधन विधेयकों पर निर्णय ले सकती है, जिसमें मतांतरण कानून, नक्सलवाद पुर्नवास नीति संशोधन विधेयक आदि शामिल हैं।

### सरकार ने हाईकोर्ट में प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों पर दिया शपथ पत्र

**बिलासपुर,26 जून।** प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों पर मंगलवार को राज्य शासन, नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने हाईकोर्ट में शपथपत्र प्रस्तुत किया। हादसों के लिए मवेशियों, खड़े व वाहनों को जिम्मेदार बताते हुए इनको हटाने के लिए कार्रवाई की जानकारी दी। इसके लिए बैठक और सतर्कता उपाय करने की जानकारी दी गई। परिवहन विभाग को भी जवाब देने के निर्देश देते हुए हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 30 जुलाई को तय की है। बढ़ते हादसों और इस पर रोक न लगा पाने पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसके लिए हर संभव उपाय करने के निर्देश दिए।

# ओम बिरला दूसरी बार बनें लोकसभा स्पीकर

**नई दिल्ली,26 जून।** भाजपा सांसद ओम बिरला 18वीं लोकसभा के स्पीकर चुन लिए गए हैं. ध्वनिमत से एनडीए उम्मीदवार ने शक्ति परीक्षण पास कर लिया है. उन्होंने विपक्षी कैंडिडेट के सुरेश को हरा दिया है. 18वीं लोकसभा के स्पीकर पद के लिए एनडीए ने ओम बिरला को उम्मीदवार बनाया है. उनका सामना कांग्रेस के के. सुरेश से होगा. ओम बिरला भाजपा के सीनियर नेता है और 17वीं लोकसभा में भी स्पीकर का पद संभाल चुके हैं. उस समय वह निर्विरोध चुने गए थे. एनडीए ने एक बार फिर से उनको उम्मीदवार बनाया है. वह राजस्थान की कोटा बूंदी सीट से 3 बार के सांसद हैं. ओम बिरला लोकसभा स्पीकर का चुनाव जीत इतिहास बना देंगे. क्यों कि देश के इतिहास में अब तक कोई भी सांसद लगातार 2 कार्यकाल में स्पीकर नहीं रहा है. लेकिन ओम बिरला का नाम एनडीए ने फिर से आगे किया है. रिपोर्टों के अनुसार, ओम बिरला की उम्मीदवारी के समर्थन में 10 से अधिक नामांकन दाखिल किए गए हैं. जिनमें नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा और टीडीपी, जेडी (यू), जेडी (एस) जैसे भाजपा सहयोगी शामिल हैं. जबकि, कांग्रेस नेता



के सुरेश के समर्थन में 3 नामांकन दाखिल किये गये हैं. पीएम मोदी ने कहा कि ओम बिरला की मुस्कान सदन को भी खुश रखेगी. उन्होंने कहा कि सरकार ने लगातार तीसरी बार कार्यकाल शुरू किया है और ओम बिरला को लगातार दूसरी बार सदन के नेतृत्व करने का मौका मिल रहा है. पिछले 20 सालों का इतिहास ऐसा रहा है कि ज्यादातर स्पीकर ज्यादा समय तक स्पीकर नहीं रह पाते. या तो वो चुनाव नहीं जीत पाते या स्पीकर नहीं रह पाते. लेकिन, आपने न सिर्फ चुनाव जीता है बल्कि एक बार फिर स्पीकर पद पर आसीन हुए हैं. ओम बिरला का ताल्लुक राजस्थान के कोटा से है. उन्होंने कोटा बूंदी लोकसभा सीट से 3 बार लोकसभा चुनाव जीता है. भाजपा से बागी होकर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजन को 41974 वोटों से शिकस्त देकर वह लगातार तीसरी बार संसद पहुंचे हैं. आरएसएस का गढ़ माने जाने वाले कोटा के चुनावी मैदान में भाजपा ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर फिर से भरोसा जताया था. जो उन्होंने भी टूटने नहीं दिया. वह कोटा के इतिहास में वैद्य दाऊदयाल जोशी जी के बाद लगातार 3 बार विधानसभा और 3 बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले पहले नेता हैं.

साल 2003 अब तक ओम बिरला कोई भी चुनाव हारे नहीं हैं. कोटा से साल 2003 में उन्होंने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. उन्होंने साल 2008 में कोटा दक्षिण सीट से कांग्रेस नेता शांति धारीवाल को शिकस्त दी थी. साल 2013 में उन्होंने 3 बार कोटा दक्षिण सीट से चुनाव जीता था. पहली बार साल 2014 में लोकसभा चुनाव लड़ा और विजयी भी हुए. तब से लेकर अब तक यानी कि 2019 और 2024 में उन्होंने जीत का ही स्वाद चखा है. साल 2019 में भाजपा ने जब उनको स्पीकर बनाया, तो हर कोई हैरान रह गया. लंबा संसदीय अनुभव न होने के बाद भी ओम बिरला ने जिस तरह से सदन को चलाया, वह तारीफ-ए-काबिल रहा.



**नई दिल्ली,26 जून।** लोकसभा में आज नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने हाथ मिलाया। यह मौका लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के स्वागत के दौरान आया। भाजपा सांसद ओम बिरला के स्पीकर चुने जाने के बाद लोकसभा में पीएम मोदी और राहुल गांधी साथ नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे से गर्मजोशी से हाथ भी मिलाया।

### विपक्ष का नेता बनते ही राहुल गांधी टी-शर्ट छोड़ कुर्ता-पायजामा में संसद पहुँचे

**नई दिल्ली,26 जून।** राहुल गांधी ने हालिया संपन्न लोकसभा चुनावों में जिन मुद्दों को उठा कर अपनी पार्टी को बड़ी बढ़त दिलाई, यदि वह उन मुद्दों को संसद में भी प्रभावी ढंग से उठा कर देश की जनता की समस्याओं का हल करवा पाये तो वह अपनी उस छवि से बाहर निकल सकते हैं जिसके तहत कहा जाता है कि राहुल गांधी गंभीर राजनीतिज्ञ नहीं हैं। वैसे विपक्ष का नेता बनते ही जिस तरह राहुल गांधी टी-शर्ट छोड़कर कुर्ते पायजामे में संसद भवन पहुँचे उससे उन्होंने काफी संकेत और संदेश दे दिये हैं। एक दिन पहले हाथ में संविधान की प्रति लेकर लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने वाले राहुल गांधी यदि संसदीय परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए विपक्ष के नेता के रूप में सफल हुए तो भारतीय राजनीति में एक और नया मोड़ देखने को मिल सकता है।



# दो कारों में टक्कर, मेडिकल कॉलेज के 2 छात्रों की मौत

### 5 गंभीर रूप से घायल

**मंदिर हसौद,26 जून।** राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. आज सुबह नेशनल हाईवे 53 पर मंदिरहसौद टोल नाका के पास जिंदल स्टील चौक पर दो कारों में जबरदस्त टक्कर हो गई. हादसे में एक ही कार में सवार दो युवकों ऋषभ प्रसाद शर्मा उम्र 25 वर्ष , मथुरा, तथा स्मिथ जेठा भाई पटेल उम्र 26 वर्ष गुजरात की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतक युवक रिम्स मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, आज सुबह नागपुर-कोलकाता मार्ग नेशनल हाईवे 53 में मंदिर हसौद टोल नाका के पास दो कारों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के बताया कि हुंडई क्रेटा क्र. जीजे -09 बीएफ 3996 में कुल 04 युवक सवार थे और रायपुर से मंदिरहसौद की तरफ जा रहे थे. वहीं दूसरी सुजुकी कंपनी की कार क्र. सीजी-17केयू 4250 में 03 युवक सवार थे और मंदिर हसौद से रायपुर की तरफ जा रहे थे. जिंदल स्टील चौक के पास तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर को पार करते हुए सड़क के दूसरी तरफ सुजुकी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी.

घटना इतनी जबरदस्त थी की क्रेटा कार हवा में उछलकर पलट गई और उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. एक मृतक का शव कार में बुरी तरह से फंस गया था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद मंदिर हसौद पुलिस ने टोल नाका के कर्मचारियों के सहयोग से निकाला गया. इस घटना में 5 लोग गंभीर रूप से घायल है. जिन्हे टोल नाका के कर्मचारियों की मदद से रायपुर मेकाहारा में भर्ती किया गया है. हादसे में जान गवाने



वाले दोनों युवक रिम्स के स्टूडेंट्स बताए जा रहे हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे. फिलहाल, मंदिरहसौद पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है.

### दिल का दौरा पड़ने से सेना के जवान की मौत

**जम्मू ,26 जून।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के सागर मनकोट में सेना के आधार शिविर में सूबेदार अनिल राघव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया, उन्हें सीने में दर्द की शिकायत थी और दिल की धड़कन रुकने से उनकी मौत हो गई।

# प्रदीप मिश्रा और प्रेमानंद महाराज के बीच नहीं हुई सुलह

**भोपाल,26 जून।** सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा और वृंदावन वाले प्रेमानंद जी महाराज के बीच चल रही सुलह की खबरों का खंडन किया है। संत प्रेमानंद महाराज के प्रतिनिधियों ने वीडियो जारी कर कहा है कि जो खबरें सोशल मीडिया पर चल रही है, वह भ्रामक हैं। उन्हों किसी का फोन नहीं आया है। संत प्रेमानंद महाराज के शिष्य और उनके आश्रम श्री हित राधा केली कुंज के प्रतिनिधि नवल नागरी शरण महाराज और महामाधुरी शरण महाराज ने अपने यू ट्यूब चैनल भजन मार्ग पर एक वीडियो संदेश जारी किया। जिसमें नवल नागरी ने कहा कि बीते दिनों से एक न्यूज वायरल हो रही है कि बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदीप मिश्रा और प्रेमानंद महाराज के बीच सुलह करा दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई फोन कॉल हमारे पास नहीं आई है और न ही दोनों के बीच किसी तरह की सुलह हुई है। वहीं महामाधुरी शरण महाराज ने कहा कि प्रेमानंद महाराज जी फोन नहीं रखते है। अगर कोई भी फोन कॉल आएगा तो हमारे पास आएगा, हम दोनों के पास ही सभी जिम्मेदारी है। महाराज जी से सीधे तौर पर कोई बातचीत नहीं पहुंचाई जा सकती। ऐसा कोई तथ्य नहीं है।

**ये है मामला**-पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक कथा के दौरान कहा, 'राधा जी बरसाना की रहने वाली नहीं थी। बरसाना तो राधा रानी के पिता ब्रसभानु जी की कचहरी थी। जहां वह वर्ष में एक बार जाती थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि राधा रानी का विवाह किसी अनन्य घोष के साथ हुआ था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस बयान पर प्रेमानंद महाराज काफी नाराज हुए और उन्होंने वीडियो जारी कर पंडित प्रदीप मिश्रा को जमकर लताड़ लगाई। प्रेमानंद महाराज ने वीडियो जारी कर जवाब देते हुए कहा- एक भागवत प्रवक्ता लाडली जू के बारे में बोल रहा है। लाडली जू के बारे में बिना जाने उसे बोलने का अधिकार नहीं है। संत प्रेमानंद महाराज गुस्से में प्रदीप मिश्रा को कहते हैं कि तुझे नरक से कोई नहीं बचा सकता है। गुस्से में महाराज कहते हैं कि तुम्हें शर्म आनी चाहिए, उन्हीं का यश खाकर जीते हो और ऐसी बातें करते हो। दरअसल, बीते दिनों कथा के दौरान कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के राधा जी को लेकर दिए गए वक्तव्य पर विवाद खड़ा हो गया था। जिसके बाद से प्रदीप मिश्रा और प्रेमानंद महाराज आमने-सामने हो गए। इस बीच खबर आई कि दोनों के बीच सुलह हो गई है। दावा किया गया कि इन दोनों कथावाचकों के बीच सुलह का काम मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया है।

# देर रात एसबीआई में आग

**कोरबा,26 जून।** जिले के घंटाघर चौक स्थित एसबीआई बैंक में देर रात भीषण आग लग गई. आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया. आगजनी की सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची. इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. बताया जा रहा है कि आगजनी की यह घटना एसबीआई कर्मी की लापरवाही से हुई है. दरअसल, मंगलवार देर रात करीब 12 बजे घंटाघर चौक के पास निहारिका क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कार्यालय में आग लग गई. आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के लोग पहुंच गए. सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची. वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने यहां कनेक्शन विच्छेद किया और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने दमकल वाहन के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया. इस आगजनी के पीछे एसबीआई कर्मचारी की लापरवाही सामने आई है. बैंक में काम के बाद कर्मचारी एसी बंद करना भूल गया था. जिससे बढ़ती गर्मी के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और भीषण आग लग गई. इस आगजनी में कितना नुकसान हुआ है अभी इसका पता नहीं लग सका है.

# कलेक्टर साहब, मैं जिंदा हूं, मरा बताकर रोक दी गई है किसान सम्मान निधि

**बालोद,26 जून।** बालोद जिला से अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जहां एक किसान को मरा बताकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त रोक दी गई है. अब किसान अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर है. जिले के गुरुर तहसील अंतर्गत ग्राम भोथली निवासी अखिलानंद साहू ने बताया कि कोरोना काल के पूर्व उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक 4



माह में दो-दो हजार की पांच किस्त कुल 10 हजार मिलने के बाद सन् 2021 में कोरोना के बाद से राशि मिलना बंद हो गया. इस संबंध में जब जानकारी लेने अधिकारियों के पास गया तो बताया गया कि आप योजना के रिकार्ड में मर चुके हो, इसलिए आपकी सम्मान निधि की किश्त रोक दी गई है. इसके बाद से स्वयं के जीवित होने का प्रमाण पत्र लिए आज पर्यंत तक अधिकारियों की चक्कर लगा रहा हूं. कलेक्ट्रेट जनदर्शन पहुंचकर कलेक्टर अपने जीवित होने की प्रमाण देकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त दिलाने की गुहार लगाई.

### अस्पताल में भर्ती आतिशी से मिलने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**नई दिल्ली ,26 जून।** समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार सुबह दिल्ली की मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी से यहां एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की। दिल्ली जल संकट और हरियाणा से पानी की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन के दौरान आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार देर रात उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# ट्रेन से लाखों का गांजा तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,26 जून।** ट्रेन से गांजा की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है. आरोपी को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2-3 में पकड़ा गया. आरोपी खुद को मुंबई पुलिस में स्पेशल टास्क फोर्स कर्मी बताता था. जीआरपी ने चेकिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया. बीती रात चेकिंग के दौरान बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 2-3 रायपुर छोर की ओर मुंबई का रहने वाला युवक कल्पेश पाटिल ट्रेन के इंतजार में बैठे दिखा. जीआरपी के सिपाहियों ने उससे पूछताछ की तो उसने अपने आप को मुंबई पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स में होना बताया. संदेह होने पर सिपाहियों ने उसकी तलाशी ली, तो उसके बैग में 18 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत 3 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है. उसे इससे पहले भी 10 किलो गांजा के साथ जीआरपी बिलासपुर ने पकड़ा था. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

### जिंदगी से बड़ा कोई भी खेल मैदान नहीं हो सकता: रोजर फेडरर

jasclaudius@gmail.com

# हार-जीत से उबरकर खिलाड़ी बनता है महान

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

वर्तमान युग में खेले जाने वाले खेलों में टेनिस पुराने खेलों में से एक माना जाता है। खेलों के प्राचीन होने की बात को संबंधित खेल के इतिहास पर नजर डालने से साबित किया जा सकता है। फुटबाल का पहला अधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय मैच 30 नवम्बर 1872 को इग्लैंड व स्काटलैंड के बीच याने आज से करीब 151 वर्ष पूर्व हुआ था। इसी तरह क्रिकेट का पहला अधिकारिक टेस्ट मैच लगभग 147 वर्ष पूर्व 15 से 19 मार्च 1877 को आस्ट्रेलिया में इंग्लैंड विरूद्ध आस्ट्रेलिया के मध्य खेला गया था। इसी तरह अगर पहले फुटबाल टूर्नामेंट की बात करें तो 1867 में 12 शेफील्ड क्लब के बीच योडन कप इंग्लैंड में सम्पन्न हुआ था। इसी तरह टेनिस का पहला व सबसे पुराना चैंपियनशिप विंबल्डन आज से करीब 146 वर्ष पहले 9 जुलाई 1877 से 19 जुलाई 1877 तक इंग्लैंड के विंबल्डन में आयोजित किया गया। इस प्रकार खेलों की दुनिया में फुटबाल, क्रिकेट, टेनिस (जिसे 1972 तक लान टेनिस के नाम से पुकारा जाता था) सबसे पुराने अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट और चैंपियनशिप के लिए जाने जाते हैं। टेनिस में वर्ष 1900 से विभिन्न देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि विश्व के इन सबसे पुराने मुकाबले में सिर्फ पुरुष वर्ग की टीमों ने भाग लिया था। टेनिस में विंबल्डन के अलावा 1881 से यूएस ओपन, 1891 से फ्रेंच ओपन जबकि 1905 से आस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। 1969 से आरंभ ओपन एरा से टेनिस के कई प्रमुख पुरुष खिलाड़ी हुए। जिनमें विंबल्डन एकल में सबसे अधिक आठ बार रोजर फेडरर विजेता हुए हैं। यूएस ओपन में सर्वाधिक 5-5 बार पुरुष वर्ग के विजेता जिमी कोनर्स, पीट सेप्रास तथा रोजर फेडरर जबकि फ्रेंच ओपन में सबसे अधिक 14 बार एकल विजेता राफेल नाडाल साथ ही आस्ट्रेलियाई ओपन में नोवाक जोकोविक ने सबसे ज्यादा 10 बार एकल टाइटिल को जीता है। टेनिस खिलाड़ियों के पुरुष वर्ग में स्वीट्जरलैंड के रोजर फेडरर सर्वाधिक चर्चित खिलाड़ी रहे हैं। अपने नम्र व्यवहार और अनुशासित खेल के लिए वे आज भी टेनिस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। 8 अगस्त 1981 को स्वीट्जरलैंड में जन्मे इस टेनिस खिलाड़ी ने 1998 से 2022 तक संसार के कई देशों में टेनिस कोर्ट में अपना लोहा मनवाया। अपने 24 वर्षों के टेनिस सफर में उन्होंने 1251 मैच जीते और सिर्फ 275 मैच में परास्त हुए। 20 ग्रेंड स्लेम टाइटिल जीतने वाले दयालु, शांतिप्रिय, जुझारू टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर को विगत दिनों संयुक्त राज्य अमेरिका के डार्टमाउथ कालेज में डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्होंने करीब 25 मिनट का प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन प्रयास करना जरूरी है। प्रयासहीन कोशिश से सफलता पाना सिर्फ एक कल्पना है। विजयी होने के लिए हर खिलाड़ी को खेल परिसर में पसीना बहाना जरूरी होता है। बिना मेहनत कामयाबी आपके कदम नहीं चूम सकती। सिर्फ



प्रतिभाशाली होने से कुछ नहीं होता बल्कि कड़ी मेहनत रंग लाती है। हालांकि कई बार खिलाड़ी को अपेक्षाकृत जीत नहीं मिल पाती है लेकिन टेनिस में काफी क्रूरता है जिस पर काबू पाने में प्रत्येक खिलाड़ी को माहिर होना चाहिए। फेडरर ने अपने संबोधन से न सिर्फ आज के उभरते हुए टेनिस बल्कि किसी भी खेल के खिलाड़ी को प्रोत्साहित किया। आज अनुशासन की कमी है परंतु उन्होंने कहा जिनमें प्रतिभा है वे अनुशासन का पालन ज्यादा गंभीरता से करते हैं। रोजर ने यह भी स्वीकार किया कि कोई भी खिलाड़ी पूरी तरह निपुण नहीं हो सकता। कभी जीत होगी तो कभी हार भी सहना पड़ता है। खेल जीवन में उतार-चढ़ाव के बाद स्वयं में संतुलन बनाए रखना जरूरी होता है। उन्होंने कहा जिंदगी से बड़ा टेनिस कोर्ट नहीं हो सकता। अतः कुछ भी प्रदर्शन करें सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए। आज के युवा वर्ग के लिए उनका उद्बोधन सचमुच प्रेरणादायी है।

# भूत-प्रेत का डर दिखाकर और संतान प्राप्ति के नाम पर ठगी

**धमतरी,26 जून।** भूत-प्रेत का डर दिखाकर और संतान प्राप्ति के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है।अपने आप को बाबा बताने वाले तीन आरोपियों ने 14 लोगों से 11 लाख रूपये से ज्यादा की ठगी की है।वही पुलिस ने तीनो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी गरियाबंद निवासी पूरन साहू अपने आप को बाबा बताता था।और लोगों को शारीरिक ईलाज, घर बंधन, भूत प्रेत भगाने व घर में गड़े हड्डी निकालने के नाम पर देवीय प्रकोप का भय दिखाते थे।साथ ही जिनका कोई संतान नही होता था उसे संतान प्राप्ति की गारंटी देता था। इसके एवज में उनसे मोटी रकम वसूल करता था।वही जब लोगों को ठगी का शिकार होने का अहसास हुआ तो मगरलोड थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की गई।शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी पूरन साहू और उसके सहयोगी मगरलोड निवासी रमाकांत साहू एवं भीष्म कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया।जिस पर तीनों ने लोगों से ठगी करना स्वीकार किया।पुलिस की माने तो आरोपियों ने भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर ठगी करता था।

### सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली,26 जून।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को दोहरा झटका लगा है। ईडी के बाद अब सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। केजरीवाल इसी मामले में पहले ते तिहार जेल में बंद हैं। जबकि ईडी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री की जमानत अर्जी पर आज ही सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी थी। हालांकि सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के तुरंत बाद सीएम केजरीवाल ने अपनी याचिका वापस ले ली है। सीबीआई (बुधवार) सुबह तिहाड़ जेल से लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची।

# विकास कार्यों पर विधायक रिकेश सेन ने ली अधिकारियों की बैठक



**भिलाई, 26 जून।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 24 और 25 जून को निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर तथा जोन-2 वैशाली नगर के अधिकारियों की बैठक लेकर विगत सात महीने में सूचीबद्ध जनसमस्याओं के निराकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा की है। सेन ने दोनों ही जोन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वार्डवार पार्षद, जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए आवश्यक कार्यों संबंधी प्रस्ताव को सूचीबद्ध कर शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि अनुपूरक बजट में ऐसे प्रस्तावों को शामिल किया जा सके। उन्होंने घासीदास नगर, कुरूद बस्ती, कैलाश नगर और कोसा नगर क्षेत्र में विशेष विकास योजना तैयार कर इस क्षेत्र के डेवलपमेंट पर प्राथमिकता से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सम्पूर्ण वैशाली नगर विधानसभा के वार्डों में कवर युक्त अंडर ग्राउंड नाली, स्ट्रीट लाइट, ट्यूबलर पोल, सिवरेज आदि की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्य योजना व आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं ताकि इन कार्यों के लिए आवश्यक बजट को अनुपूरक बजट में शामिल कर विकास कार्यों को गति दी जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में विधायक रिकेश सेन ने कुरूद, कोसा नगर, घासीदास नगर स्थित वाम्बे आवास, अटल आवासों की जर्जर बिल्डिंग को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। मोर जमीन मोर मकान घटक योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 385 आवासों की वस्तुस्थिति तथा नये पीएम आवास की भी जानकारी अधिकारियों से ली। श्री सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत सभी तालाबों के आसपास हो रहे अवैध कब्जों को हटाने तथा तालाब क्षेत्र की जमीन कब्जा मुक्त रहे ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी हैंड पंप पर वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जाए साथ ही जितने भी उद्यान हैं, उनमें जल कुंड अवश्य बनाएं ताकि आस पास के लोग तीज त्योहारों में जलकुंड का प्रयोग कर सकें और इससे वाटर लेबल भी बना रहे। निजी कालोनियों में पेयजल को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं, कॉलोनाइजर से बात कर उनके लिए कैसे पेयजल व्यवस्था की जा सकती है, वहां नल कनेक्शन दिए जाने संबंधी कालोनाइजर से चर्चा कर पेयजल संकट दूर किया जाए। दोनों ही जोन अंतर्गत रिक्त भूमि, कब्जा मुक्त और कब्जा मुक्त भूमि को तत्काल सूचीबद्ध किया जाए। पीएम आवास योजना बैठक में अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, अजय गौर सहायक अभियंता, बी के वर्मा कार्यपालन अभियंता, विद्याधर देवांगन आवास अधिकारी तथा जोन-2 बैठक में जोन आयुक्त सुश्री यशा लहरे, अरविंद शर्मा कार्यपालन अभियंता, बसंत साहू उप अभियंता, विजेंद्र गुप्ता उप अभियंता, जेपी तिवारी सहायक राजस्व निरीक्षक, अनिल मिश्र सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 26 जून।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र चोरी करने के लिए घर में घुसे एक बदमाश ने एक दंपती के निजी पलों की वीडियो रिकार्डिंग कर उन्हें ब्लैकमेल करने लगा आरोपित 10 लाख रुपये की मांग कर रहा था रुपये नहीं मिलने पर वो वीडियो को प्रसारित करने की धमकी दे रहा था पीड़ित दंपती ने नंदिनी थाना में घटना की शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित विनय कुमार साहू को गिरफ्तार किया आरोपित ने बताया कि वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता था लेकिन प्रारंभिक परीक्षा में ही असफल होने के बाद उसने चोरी करना शुरू कर दिया था क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि अहिवारा निवासी एक दंपती ने इस मामले की शिकयत की थी इस मामले की जांच के बाद वार्ड दो अहिवारा निवासी विनय कुमार साहू (28) को गिरफ्तार किया पूछताछ में पता चला कि आरोपित विनय कुमार साहू पूर्व में भी दो बार पीड़ित दंपती के घर पर चोरी कर चुका था और तीसरी बार चोरी करने के लिए पहुंचा था जब वो घर में पहुंचा तो दंपती जाग रहे थे और आरोपित ने उनके निजी समय का वीडियो बना लिया इसके बाद आरोपित ने सब्जी और फल वालों के नाम पर सिम खरीदा और उस नंबर से पीड़ित को वाट्सएप पर उनका ही वीडियो भेज दिया वीडियो के आधार पर आरोपित ने 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी और रुपये न मिलने पर आरोपित ने उसे प्रसारित करने की धमकी देना शुरू कर दिया वीडियो देखकर दंपती के पैर तले जमीन खिसक गई उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ये कैसे हुआ? उन्होंने फौरन पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद एसीसीयू की टीम ने मामले की जांच शुरू की और तकनीकी मदद से आरोपित तक पहुंची आरोपित के पास से तीन सिम और तीन मोबाइल बरामद किया गया जिसमें पीड़ित दंपती का वीडियो मिला इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपित विनय कुमार साहू के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की धारा के तहत कार्रवाई की है।

### युवती ने घर में फांसी लगा ली

**भिलाई, 26 जून।** भिलाई वैशाली नगर थाना अंतर्गत एक 19 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब पड़ोसियों ने युवती को देखा तो उन्होंने उसके भाई को सूचना दी भाई घर पहुंचा इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। युवती को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद शव को वहीं मरच्युरी में रखवा दिया गया है पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मृतक केम्प- 1 निवासी आरती रॉय (19वर्ष) है। उसका भाई रोज की तरह इंजीनियरिंग पार्क ड्यूटी में गया था। सोमवार को आरती शाम को घर में अकेली थी शाम 7 बजे के करीब उसकी एक सहेली उसे बुलाने गई। उसने दरवाजा काफी खटखटाया, लेकिन ना तो दरवाजा खुला और ना अंदर से आवाज आई इस पर सहेली ने खिड़की से झांककर देखा तो आरती पंखे से रस्सी के सहारे फंदे पर लटकी थी सहेली ने शोर मचाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया।

### सेल स्तरीय क्विज में विजेता बीएसपी टीम ने निदेशक प्रभारी को सौंपी ट्रॉफी



**भिलाई, 26 जून।** सेल स्तरीय 'सक्षम' क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त बीएसपी टीम ने इस्पात भवन में 25 जून को निदेशक प्रभारी (सेल बीएसपी) अनिर्बान दासगुप्ता को विनर्स ट्रॉफी सौंपी। भिलाई इस्पात संयंत्र की विजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक उमेश मलयथ और प्रबंधक निवेश विजयन शामिल हैं। बीएसपी की यह टीम 'सक्षम' क्विज की डिफेंडिंग चैंपियन भी रही। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ भी उपस्थित थे। इनके साथ ही महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी भी मौजूद रहे। इस दौरान अनिर्बान दासगुप्ता ने विजेताओं को उनके समृद्ध ज्ञान और जागरूकता से प्राप्त इस उपलब्धि के लिए उनका उत्साहवर्धन किया एवं बधाई दी। उन्होंने आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने और संयंत्र बिरादरी का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया।

### ग्राम कोनारी के चिकित्सा शिविर में 40 लोगों ने जांच कराई



**भिलाई, 26 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निऱ्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में25 जून को ग्राम कोनारी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम कोनारी में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 40 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया 7 प्रातऱ 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निऱ्शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निशी मिंज, फार्मासिस्ट सूसन जेकब, बीपी व शुगर परीक्षण के लिए प्रभा सामवेल, पंजीयन हेतु शंभू दयाल एवं सीएसआर से बुधेलाल उपस्थित थे।

## रुपए चोरी के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की सब्बल मारकर हत्या कर दी



**भिलाई, 26 जून।** भिलाई लिटिया सेमरिया चौकी क्षेत्र रुपए चोरी को लेकर हुए विवाद में आक्रोश में आकर छोटे ने बड़े भाई को सब्बल से हमला कर मौत के घाट उतार दिया घटना की जानकारी आरोपी ने स्वयं पुलिस को दी थी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है लिटिया सेमरिया चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम टेमरी गांव निवासी संजय देशलहरे और उसके छोटे भाई नेतुराम देशलहरे के बीच विवाद हो गया इस दौरान संजय ने घर के बाहर पड़े सब्बल से नेतुराम के पैर पर हमला कर दिया। फिर सब्बल को छीनकर नेतुराम ने बडे भाई पर हमला कर दिया नेतुराम ने सब्बल से वार कर संजय को मौत के घाट उतार दिया इसके बाद नेतुराम ने घर से बाहर आकर लोगों को हत्या करने की जानकारी दी संजय की हत्या करने की खबर लगते ही गांव के लोगों की भीड़ उमड़ गई मौके पर पुलिस पहुंची और नेतुराम को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया उसने पुलिस को बताया कि तीन हजार रुपए के लिए भाई से विवाद होना बताया

**हमेशा करता था मृतक विवाद**-आरोपी नेतुराम देशलहरे ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई संजय देशलहरे से अक्सर विवाद करता रहता था। पहले भी उसकी दो तीन बार पिटाई कर चुका है। मंगलवार सुबह भी 3 हजार रुपए की चोरी कर शराब पीने का आरोप लगाकर पिटाई कर रहा था तभी आरोपी गुस्से में आकर बड़े भाई से सब्बल छीन कर उस पर वार हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना में संजय की मौके पर ही मौत हो गई जिले में बढ़ रहे अपराध दुर्ग जिले में लगातार हत्या, चोरी, डकैती जैसे बड़े अपराध लगातार हो रहे है। जिसे रोकने में पुलिस असफल साबित हो रही है। रसमड़ा में डकैती, गनियारी हत्याकांड अब तक सुलझ नहीं पाया शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अपराध लगातार बढ़ते जा रहा है पुलिस का मुखबिर तंत्र भी पूरी तरह से फेल होता दिखाई दे रहा है। हालाकि जिले की पुलिस कुछ मामलों का खुलासा भी कर चुकी है लेकिन पुराने पेंडिंग पड़े कई बड़े मामलों में शामिल आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है लगातार हो रहे अपराध को लेकर एसपी और आईजी ने गंभीरता दिखाते हुए थानों में कसावट लाने के लिए निरीक्षकों और पुलिस कर्मियों का हाल ही में तबादला आदेश जारी किया है जिससे जिले में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगा पुराने पेंडिंग मामले जल्द से जल्द ट्रेस हो सके डबल मर्डर केस बना पहेली





पुलगांव थाना क्षेत्र के गनियारी हत्याकांड को पुलिस अब तक ट्रेस नहीं कर पाई है दादी पोती के हत्या मामले को तीन माह होने को है लेकिन पुलिस को आरोपी का कोई भी सुराग हाथ नहीं लग पाया है आईजी ने आरोपी के बारे में जानकारी देने वालों को ईनाम स्वरुप 25 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा भी किया था राजबती साहू और सविता साहू की हत्या होने के बाद से गांव में मातम पसरा था पुलिस ने दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को पकड़ा था उनसे पूछताछ भी की लेकिन आरोपियों को सुराग कुछ नहीं मिल पाया है राजबती का पति मंत्रालय में भृत्य पद पर कार्यरत है पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को चेक करने पर खराब मिला है नई क्राइम ब्रांच की टीम नए सिरे से जांच में जुट गई है जल्द बड़ा होने की संभावना जताई जा रही है

### अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 26 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 02 से 06 जुलाई 2024 तक अंतर्विभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता-2024 का आयोजन महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। संयंत्रकर्मी व उनके पति/पत्नी के लिये तीन वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी वर्ग (महिला व पुरुष), गैर हिंदी वर्ग (महिला व पुरुष) एवं युगल गायन वर्ग शामिल है। हिंदी व गैर हिंदी भाषा की प्रतियोगिता दो अलग-अलग वर्गों में होगी (जिसमें एक वर्ग हिंदी व दूसरा वर्ग गैर हिंदी भाषा का होगा)। हिंदी व हिंदी के अतिरिक्त किसी भी भाषा (छत्तीसगढ़ी, तेलगु, तमिल, बंगला, मराठी, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, भोजपुरी, मलयालम, राजस्थानी आदि) के गीत गाये जा सकते है। प्रत्येक वर्ग में कम से कम 6 प्रतिभागियों का होना अनिवार्य है तभी प्रतियोगिता अलग-अलग वर्गों में सम्पन्न हो पाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवेश पत्र व नियमावली भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के हैंड बॉल अकादमी, सेक्टर-4 से कार्यालयीन समय में 20 जून से दिया जाना प्रारंभ हो चुका है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 29 जून 2024 है।

### टाउनशिप में सुबह के समय ही की जाएगी पेयजल की आपूर्ति

**भिलाई, 26 जून।** मरोदा जलाशय-2 भिलाई इस्पात संयंत्र में पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण नहीं है अतः पानी भंडारण में कमी के कारण भिलाई टाउनशिप में 26 जून से एक टाइम ही (सुबह के समय) पेयजल प्रदान किया जायेगा। भिलाई इस्पात संयंत्र को जल प्रदाय करने वाले रिज़र्वायर या डेम के कैचमेंट एरिया में अभी तक पर्याप्त वर्षा नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से डेम में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ज्ञात हो कि भिलाई को तांदुला, गोंदली, खरखरा और गंगरेल डैम से पानी की आपूर्ति होती है। छत्तीसगढ़ अंचल में मानसून की पहली बारिश हो चुकी है और पर्याप्त मात्रा में आर्द्रता होने के कारण गर्मी की तुलना में जल की खपत उतनी अधिक नहीं है, इसको ध्यान में रखते हुए कम पानी में भी गुजारा किया जा सकता है। बीएसपी के मरोदा जलाशय में भी पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं है और मात्र 28 दिन का जल शेष है। संयंत्र तथा मरोदा जलाशयों को रिज़र्वायर या डेम से जल की आपूर्ति वर्तमान में नहीं हो पा रही है, इसलिए संयंत्र के मरोदा जलाशय में क्रमशः जल की मात्रा कम होती जा रही है। अतः किसी भी अप्रत्याशित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान में जल की खपत को सीमित व कम रखा जाना आवश्यक हो गया है। इसके साथ ही संयंत्र में उत्पादन को निरंतर और नियमित बनाये रखना भी आवश्यक है।

## सेल ज्ञान-उत्सव कॉन्क्लेव में बीएसपी के अधिकारियों ने जीते पुरस्कार



भिलाई, 26 जून। सेल-प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अपने 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में लर्निंग एवं डेवलपमेंट (एलएंडडी) पर, 'सेल ज्ञान उत्सव 2024 कॉन्क्लेव का आयोजन एमटीआई रांची में 24 से 25 जून तक किया गया। इस सम्मेलन में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि अधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन निदेशक (कार्मिक-सेल) केके सिंह ने किया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक सुश्री कोमल मेहरा को सेल ज्ञान-उत्सव 2024 में आन्या नेतृत्व यात्रा कार्यक्रम में 'शीर्ष शिक्षार्थी' के रूप में सम्मानित किया गया, साथ ही महाप्रबंधक यूएस परगनिहा और महाप्रबंधक एसआर जत्रेले को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण इंजीनियर के रूप में सम्मानित किया गया। दूसरे दिन 25 जून को एल एंड डी में भविष्य के फोकस और एल एंड डी-औद्योगिक अनुभव में सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित पैनल चर्चा आयोजित की गयी, जिसमें टाटा स्टील, टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिमुलानिस और स्किल सॉफ्ट के प्रतिनिधियों ने भाग लिया 7 इस अवसर पर एल एंड डी को अगले स्तर पर ले जाने हेतु सेल के निदेशक के साथ एक ओपन हाउस बातचीत भी आयोजित की गई।

## शासकीय कन्या शाला सेलूद असुरक्षित, अंदर आ जाते हैं जानवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,26 जून।** अटल व्यावसायिक परिसर के समीप पी डब्लू दी विभाग के द्वारा लगभग 1.25 करोड़ की लागत से बने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद में बाउंड्रीवॉल नहीं है द्य जिसके कारण स्कूल कक्ष में मवेशी घूस जाते हैं। स्कूल में स्टाफ के साथ-साथ छात्र छात्राएं भी असुरक्षित हैं। ग्राम पंचायत एवं संस्था द्वारा बाउंड्रीवॉल बनवाए जाने की मांग लगातार किया गया जाता रहा है द्य लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया। बच्चों को पढ़ाई में कोई व्यवधान न हो इसके लिए शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है। आज से शिक्षा सत्र 2024-25 की कक्षाएं प्रारंभ रही है द्य एक साल से बाउंड्रीवाल नहीं होने का दंश झेल रहे छात्राओं को फिर से वही परेशानियों से दो चार होना पड़ेगा। स्कूल परिसर के साथ साथ खेल मैदान पर भी अवैध रूप से रेत, मुरुम, मिट्टी डालकर मैदान को अस्त व्यस्त कर दिया गया द्य शासकीय संस्था को भी शासन के द्वारा सुरक्षित नही रख पाना चिंतन का विषय है द्य सेलुद से होकर प्रतिदिन अधिकारीयो का आनाजाना लगा रहता है किंतु परिस्थिति का संज्ञान लेने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नही है।

**रात में असामाजिक तत्वों का रहता है डेरा**

कन्या स्कूल में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से शाम ढलते ही स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों का जमघट लग जाता है। सुबह स्कूल परिसर में खाली बोतलों से स्कूल मैदान भरा रहता है। छात्र छात्राओं को स्कूल में पहुंचने से पहले कई बार खाली बोतलों से सामना करना पड़ता है। मैदान में बोतलों को फोड़ दिए जाने से सायकिल पंचर हो जाता है। जिसके कारण स्कूल के शिक्षकों और बच्चों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी न हो जानकारी होने के बाद भी इन स्कूलों में अहाता निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। पिछले वर्ष भी तत्कालिक जिला शिक्षा अधिकारी को बाउंड्रीवाल बनाए जाने की मांगपत्र सौंपा गया था द्य लेकिन स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। 500 मीटर की दूरी पर शासकीय कन्या शाला और स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी है जिसमे हजारों बच्चे अध्यनरत है किंतु पीडब्लूडी विभाग के द्वारा कई बार जानकारी प्रेषित करने के बाद भी अभी तक नही बनाया गया है। बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने आते जाते रहते है द्य दोनों स्कूल के बीच से सिक्स लेन सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है द्य कंपनी के द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी किया जा रहा है द्य अफसर लोग कुम्भकर्णीय नींद में सो रहे है। और किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे ह।

## डॉ.मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**उतई, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगर पंचायत उतई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया एवम उनके विचारों एवं कार्यों को स्मरण कर नमन किया गया साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आगामी जन्मतिथि दिनांक 6 जुलाई से पूर्व तक एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत् पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात सद्भावना चौक पाटन पुल उतई स्थित अमर शहीद स्मृति स्थल पर भारत माता की आरती कार्यक्रम संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री भाजपा रोहित साहू, डा. अनिल साहू, सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकार, नरेंद्र साहू, हूबलाल चंद्राकार, देवेंद्र राजपूत, आलोक साहू, नीलम गढ़े, खुबीराम साहू, ओ.पी. चंद्राकार, संगीत रजक, दानेश्वरी देशमुख, भीषम देवांगन, प्रताप वर्मा, पुनीत साहू, बृजमोहन साहू, वैभव देवांगन, बुधू राम ठाकुर, चेतन साहू आदि वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बंधु/भगिनी उपस्थित रहे।

## करगाडीह में साक्षरता शिविर आयोजित



**उतई, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत करगाडीह में जिला न्यायलय दुर्ग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कोसले व न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीत राम गुरुपंच ने उपस्थित ग्रामीणों को साइबर क्राइम, घरेलु हिंसा, यातायात नियम, पारिवारिक विवाद, टोनही प्रताड़ना, बाल विवाह संबंधित कानूनी जानकारी दिया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम गजपाल, मन्नूलाल साहू, जामवंत गजपाल,भेखचंद साहू, महेश साहू,सुरेश चक्रधारी,खिलेश्वर साहू, अश्वनी साहू,पुनारद साहू,धनेशवरी साहू सहित महिलाए,ग्रामीणजन व पुलिस स्टाप उपस्थिति थे।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कई समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण किया



**कवर्धा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा स्टेडियम के पास स्थित नए विधायक कार्यालय में कवर्धा विधानसभा के नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी मांग, समस्याएं सुनीं और आवेदन लिया। उपमुख्यमंत्री ने कुछ समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण किया और कुछ समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समय पर निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की हर समस्या पर उनका ध्यान है और उसका संपूर्ण समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

### महंगा हुआ टमाटर , ग्राहक परेशान



**कवर्धा, 26 जून।** कवर्धा शहर में 70 रुपया किलो टमाटर का रेट सुनकर ग्राहक परेशान दिख रहे है कही साठ रुपया कही 70 रुपया सुनकर ग्राहकों के होश उड़ रहे है। एक ग्राहक ने कहा की एक किलो टमाटर खरीदने आया था लेकिन टमाटर महंगा होने के कारण एक पाव टमाटर खरीद रहा हू क्योंकि रसदार सब्जी बिना टमाटर के नही बनता है।

### डिप्टी सीएम ने बूढ़ी माता का शाल भेंटकर किया सम्मान



**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम भोन्दा में एक बुजुर्ग माता को साल भेंट कर सम्मानित किया।

## अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई होगी




**जामुल, 26 जून।** जमीन खोदकर लीपा पोती करने के बजाय नगर पालिका अधिनियम के तहत अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की जायेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पूर्व में हुए अवैध प्लाटिंग के साथ साथ सभी अवैध प्लाटिंग के जमीन के खसरा नंबरों को चिन्हांकित कर जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर महोदय से अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही हेतु कमेटी गठित करने का मांग किया गया है जिसमें अनुभागीय अधिकारी जिला पंजीयक, तहसीलदार सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी होंगे ।गठित कमेटी के द्वारा अभी अवैध प्लॉट जो टुकड़ों में बटा हो या अन्य किसी प्रयोजन हेतु प्रस्तावित हो को सुचीबद्ध एवं जांच कर भूमि अधिग्रहण एवं एफ.आई.आर. दर्ज करवाने की कार्यवाही कमेटी के रिपोर्ट के बाद नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत की जावेगी। साथ ही आम जनता से अपील किया जाता है कि वो ऐसे जमीन प्लॉट की खरीदी न करें जो कि रेरा के द्वारा अपरूवल न हो। बिना कालोनाईजर लाइसेंस के जमीन बेचने वालो से सावधान रहे एवं ऐसे अवैध कृत्य करने वालों के झांसे में न आयें। जमीन प्लॉट लेने से पहले उक्त संबंध में नगर पालिका के राजस्व शाखा से कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही बिना रोड, नाली, विद्युत पोल वाले प्लॉटों को न खरीदें जिससे आर्थिक नुकसान के साथ प्रशासनिक दिक्कतों का सामना करना पड़े।

# साय सरकार के परिवर्तनकारी कदमों से संवर रहा छत्तीसगढ़

**रायपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार आम जनता के जीवन को आसान बनाने और उन्हें एक बेहतर सामाजिक जीवन देने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने के लिए भी विशेष कदम उठा रही है, यही कारण है कि नियद नेल्लानार जैसी योजनाएं आज बड़ा परिवर्तन ला रही है।



आम नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक कसावट लाकर तेजी से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में किसानों की बड़ी आबादी है, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य में खेती-किसानी के लिए किसानों को अनुकूल माहौल और आर्थिक मजबूती मिल सके इसका भी सरकार ध्यान रख रही है। कृषक उन्नति योजना में किसानों की समृद्धि का उद्देश्य लेकर साय सरकार 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी कर रही है। किसानों को दो वर्ष का 3716 करोड़ रूपए का बकाया बोनस भुगतान भी कर दिया है।

गरीबों को आवास देना साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसे पूरा करते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास प्रदान करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ रूपए तथा वर्ष 2024-25 के बजट में 8369 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हितग्राहियों को योजनांतर्गत आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत की सुविधा दी जा रही है। गरीबों के हित में कदम उठाते हुए एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्ष तक निशुल्क राशन की भी व्यवस्था की है।

परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपने सपनों को खुशी-खुशी न्यौछावर करने वाली गृहणियों का साय सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। महतारी वंदन योजना आज पूरे देश में एक मिसाल के तौर पर उभरी है, जिसमें 70 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को हर माह 1000 रूपए के मान से साल में 12000 रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। युवाओं के साथ न्याय हो और सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आ सके इस दिशा में भी साय सरकार विशेष प्रयास कर रही है। युवाओं को शासकीय भर्ती में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

माओवाद प्रभावित इलाकों में छत्तीसगढ़ सरकार के त्वरित और सख्त निर्णय से विगत 6 माह में 136 माओवादी ढेर, 526 गिरफ्तार और 442 का आत्मसमर्पण जैसी उपलब्धियां माओवाद समस्या के पूर्ण निदान की ओर बड़ी सफलता है।

## एक नजर

### अवैध मुरूम उत्खनन में संलग्न गाड़ियों पर की गई कार्रवाई



**डोंगरगांव 26 जून।** डोंगरगांव तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गाटाटोला में राजस्व विभाग ने एसडीएम मनोज मरकाम के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई की. इस दौरान अवैध मुरूम उत्खनन में संलग्न 1 जेसीबी तथा 2 हाईवा गाड़ी पर कार्रवाई की गई,जप्त गाड़ियों मे एक हाइवा भरी हुई थी तथा एक खाली थी। कार्रवाई के बाद मुरूम का अवैध उत्खनन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है. एसडीएम मरकाम ने बताया कि उन्हें गांव में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे तो गांव में अवैध मुरूम उत्खनन होता पाया गया. पूछताछ में उत्खनन कर रहे लोगों के पास फिलहाल कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला. प्रदेश भर मे अवैध उत्तखनन के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत डोंगरगांव एसडी?म मनोज मरकाम द्वारा लगातार अवैध खनन पर कार्यवाही जारी है।

### अवैध शराब बिक्री करते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 26 जून।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग (भापुसे) के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही के तहत दिनांक 24.06.2024 को चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा ग्राम भंवरमरा में आम बगीचा के पास मुखबीर सूचना पर आरोपी रामचंद निषाद पिता स्व. संतु निषाद, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम भंवरमरा, पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से कुल 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमती ?1800 एवं शराब बिक्री रकम 270 रुपए जप्त किया गया ! आरोपी के विरुद्ध मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाए जाने पर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ! उक्त कार्यवाही में सउनि. हरीश टेंभूरकर, प्र.आर. 1206 लोकनाथ वर्मा, आर. 428 वेदप्रकाश रत्नाकर, आर. 482 डोमेन्द्र देशमुख, आर. 1969 डोमेन्द्र साहू, आर. 19 रूपेंद्र साहू एवं आर. 1092 चंद्रकांत यादव की भूमिका सराहनीय रहा।



### कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र का सम्मान नहीं है: शिवरतन शर्मा

**राजनांदगांव, 26 जून ।** कांग्रेस द्वारा देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के षड्यंत्र को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश भाजपा के आवाहन पर प्रत्येक जिलों में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परिपेक्ष में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि आज दोपहर को जिला भाजपा कार्यालय में आहुत विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शिवरतन शर्मा जी ने अपने उद्गार व्यक्त किए । भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाटापारा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता बरकरार रखने के लिए संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है 1975 में इंदिरा गांधी ने हमारे लोकतंत्र की हत्या में मर्यादा की सारी हर पर कर दी थी 1971 के चुनाव में एक और जहां चुनावी हिंसा के माध्यम से मतदाताओं को डराया गया वहीं दूसरी ओर मीडिया का गला घोटकर जनता को झूठ फैलाकर खौफ पैदा करने का षड्यंत्र किया गया, शिव रतन शर्मा ने कहा कि आज 49 वर्षों के बाद हम आपातकाल को इसलिए याद कर रहे हैं क्योंकि आज भी कांग्रेस की नीति में संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति सम्मान की कमी है, इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए कि देश के हित में कांग्रेस ना कभी पहले थी, ना आज है और ना कभी रहेगी। शर्मा ने कांग्रेस के इतिहास के 21 माह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी के भ्रष्ट प्रयासों के आधार पर चुनाव परिणाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था, प्रति उत्तर में 25 जून 1975 की आधी रात में मंत्रिपरिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

### आयुक्त ने बंधवा तालाब सौंदर्यीकरण की प्रगति का निरीक्षण किया

**रायपुर 26 जून।** आज नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के रायपुरा क्षेत्र में 15 वें वित्त आयोग मद से 2 करोड 50 लाख रू. की लागत से बंधवा तालाब में प्रगतिरत गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा की उपस्थिति में किया। 15 वें वित्त आयोग मद से बंधवा तालाब रायपुरा में नगर निगम रायपुर द्वारा गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य निरंतर प्रगति पर है। तालाब क्षेत्र में गहरीकरण का कार्य और बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में तालाब में पाथवे का निर्माण व विकास कार्य प्रगति पर है। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान बंधवा तालाब रायपुरा के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का शेष बचा कार्य शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिये। तालाब क्षेत्र में गहरीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद मानसून की पहली बारिश के बाद तालाब में पानी का भराव प्राकृतिक तरीके से होने लगा है। इसे देखकर आयुक्त ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करवाने कहा।

# कार्यशाला में नवीन कानूनों के प्रभावी अमल की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जून।** नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को दो दिवसीय रेंज स्तरीय फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंचौकी एवं कबीरधाम के लगभग 75 अधिकारी/कर्मचारियों हुये शामिल के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, ए.एस.पी. श्री मुकेश ठाकुर (ऑप्स), पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस. श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, सी.एस.पी. श्री पुष्पेन्द्र नायक, डी.एस.पी. श्रीमती तनुप्रीया ठाकुर एवं रेंज स्तर से आये अधिकारी/कर्मचारीगण व फोटोग्रॉफी/विडियोग्राफर उपस्थित थे। उक्त कार्यशाला में रायपुर से संयुक्त निदेशक एफ.एस.एल. रायपुर श्री टी.एल.चन्द्रा एवं निरीक्षक श्री कमलेश पटेल फोटो शाखा रायपुर, दुर्ग से आये श्री शशांक द्विवेदी प्रभारी अधिकारी एफ.एस.एल. दुर्ग, डॉ. श्री मोहन पटेल प्रभारी क्राईम-सीन दुर्ग से प्रशिक्षण देने के लिए आये थे। जिन्हों ने पी.टी.एस. राजनांदगांव में एक डमी सीन-ऑफ-क्राईम बनाकर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों (विवेचकों) को नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी के गुर सिखाये। उनके द्वारा बताया गया कि जब भी हम किसी स्थान की या उस व्यक्ति की तलाशी लेते है, उस समय उसकी वीडियो रिकार्डिंग करना धारा 105 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में प्रावधान किया गया है। किसी भी प्रकरण में तलाशी लेते समय फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करना अनिवार्य है इस संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। जितने भी विवेचना में शामिल अधिकारी/कर्मचारी हैं विवेचना की शुरूआत ही सीन ऑफ काईम से होती है, अगर सीन ऑफ क्राईम को अच्छे से देखते है तो समस्त सबूतों को क्रमबद्ध मार्क करके फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करने पर चार्जेस एवं पासिविल्टी यह बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और उस अपराध को अच्छे ढंग से अंतिम मुकाम तक पहुंचा पायेगें के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया गया। किसी स्थान पर घटना होने का पता चलता है तो तत्काल घटनास्थल पहुंचकर पूरे एंगल से घटनास्थल की फोटोग्राफी करते हुए घटनास्थल में प्राप्त सभी छोटी-से-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करने और साक्ष्य एकत्रित करने बताया गया। फोटोग्रॉफर/विडियोग्राफर द्वारा फोटोग्राफी/विडियोग्राफी करने के तरीके एवं फोटो/वीडियो को एस.डी. कार्ड/पेन ड्राईव में सेव करने के तरीके सी.डी./डी.व्ही.डी. बनाने के तरीके के संबंध में बताया गया। कार्यशाला के समापन में ए.एस.पी. श्री मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं डी.एस.पी. श्रीमती तनुप्रीया ठाकुर द्वारा रायपुर एवं दुर्ग से आये ट्रेनर अधिकारियों को मोमेन्टो भेंट की गई एवं प्रशिक्षणार्थियों को नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में फोटोग्राफी/विडियोग्राफी का महत्व के बारे में बताते हुए अपने-अपन जिले में दिये गये प्रशिक्षण अनुरूप क्रियान्वयन करने निर्देशित किया गया।



# वर्षा जल संरक्षण के लिए घर एवं भवन में वाटर हारवेस्टिंग लगाने नागरिकों से आयुक्त ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जून।** भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं भवनों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे जीवन में जल का विशेष महत्व है। आज पेड़ो की अंधाधुन कटाई एवं शहर व गांव में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुच पाता जिससे भूगर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी, तालाबों, कुँओं, हैण्ड पंपों का जल स्तर कम होता जा रहा है और यही स्थिति रही तो भविष्य में पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेगी। इस समस्या से निपटने के लिये भूमि में जल स्तर बढ़ाने प्रयास करना होगा। इसके लिये हमे घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग लगाना चाहिये। जिससे बरसात का पानी छत व आंगन के माध्यम से नीचे जमीन में जाता है, जो जल स्तर को बढाता है। हैण्ड पंप के पास सोक्ता पीठ का निर्माण करना चाहिये,जिससे भी जल स्तर बढता है। उन्होने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋ्रतु चल रही है, वर्षा का पानी भूमि में जल स्तर बढ़ाने का अच्छा माध्यम है, इसलिये वर्षा का पानी भूमि में जाने रैन वाटर हारवेस्टिंग जरूर करावे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि रैन वाटर हारवेस्टिंग के लिये नगर निगम द्वारा भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और भवन पूर्णता के पहले हारवेस्टिंग सिस्टम लगने की जॉच कर पूर्णता दी जाती है, यदि हारवेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जाता तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नही लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है। आयुक्त श्री गुप्ता ने सभी घरों व भवनों के मालिको से अपील करते हुये कहा कि इस बरसात वे अपने घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगावें, जिससे बारिश का पानी जमीन में जा सके, ताकि जल स्तर बढ़ सके। उन्होंने बताया कि निजी के साथ साथ शासकीय भवनों समाजिक भवनों मे भी रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगानी चाहियें, जिससे बारिश का पानी भूगर्भ मे जा सके।



# 5 जुलाई को रिलीज होगी हण्डा, ओपन मीट 29 को

**रायपुर 26 जून।** एन माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म हण्डा 5 जुलाई 2024 को प्रदेश के 50 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। इससे पहले 29 जून शनिवार को भाटा गांव स्थित तिरुपति भवन में दोपहर 1 से शांम 5 बजे तक ओपन मीट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के निर्माता मोहित साहू हैं। छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के निर्माता मोहित साहू ने बताया कि राजधानी में छत्तीसगढ़ से सोशल, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से 29 जून को रावण भाटा के सामने तिरुपति भवन में पत्रकार वार्ता दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। उन्होंने फिल्म के कलाकारों के साथ ओपन मीट में शामिल होने की अपील की है। यह ओपन मीट दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें फिल्म हण्डा के सभी कलाकार एक मंच में शामिल होकर अपने अनुभवों को सोशल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लोगों को बताएंगें। छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा का निर्देशन व लेखन अमलेश नागेश ने किया है। इस फिल्म के अभिनेता अमलेश नागेश, अभिनेत्री अमृता कुशवाहा, अनिल सिंहा, नीरज उईके, विनायक अग्रवाल, जीत्तु दुलरवा, धर्मेन्द्र साहू, मोहित जोशी ने इसमें मुख्य रूप से अभिनय किया है। वहीं इस फिल्म के डीओपी रजत सिंह राजपूत, एडिटर गौरांग त्रिवेदी, उमेश ध्रुव, म्यूज़िक डायरेक्टर ओमी स्टाइलियो है। वहीं इस फिल्म में स्वर सुनील सोनी व अनुपमा मिश्रा ने दी है। कोरियोग्राफर चन्दन दीप, डान्स कामदेव डान्स ग्रुप, फिल्म वितरक तरुण सोनी मां फिल्मस ने किया हैं।



# आजादी के बाद पहली बार करका गांव पहुंची विधायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 26 जून।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र का अतिसंवेदनशील क्षेत्र व टायगर रिजर्व का रिसगाव क्षेत्र विकासविहिन क्षेत्र है जहा न ही तो सडक है बिजली है न कोई मूलभूत सुविधा जहा रिसगांव के आश्रित ग्राम करका मे नवीन स्कूल के लोकार्पण मे विधायक अंबिका मरकाम पहुची बता दे यह ग्राम अतिसंवेदनशील है आज तक इस ग्राम मे कोई भी जन प्रतिनिधि नही पहुचे अजादी के बाद इस गाव मे पहली बार विधायक पहुची जिसे पूरे ग्रामीणो मे बाजे गाजे के साथ स्वागत किया व गाव के स्कूल भवन का लोकार्पण हुआ, वहीं गांव में विधायक ने देवी देवता के स्थान मे पूजा अर्चना कर गांव में सुख शांति के लिये प्रार्थना भी की व देव गुडी के लिये भूमिपूजन की, इस दौरान विधायक ने कहा की मुझे क्षेत्र की जनता ने विधायक चुना है ग्रामीणो के बुलावे पर पहुंची हूं और उनकी समस्याओ से रूबरू हो कर आम जनता के बीच आपसी संबंध स्थापित कर रही हूं ताकी कोई भी अपनी समस्या के समाधान के लिये संकोच न करे मै इन्ही के बीच की हूं और समाज की भी इसलिये चाहे नक्सल गढ हो या पहुंचविहीन मुझे जाने से कोई नही रोक सकता बता दे अभी दो दिन पहले रविवार को करका से लगभग दस की मी की दूरी आमझर मे पुलिस नक्सली मुठभेड हुआ जहा एक नक्सली का एनकाउंटर भी हुआ ऐसे मे यह क्षेत्र मे अच्छे अच्छे अधिकारी नेता जाने से परहेज करते है वही बता दे की ग्राम रिसगाव पंचायत मुख्यालय से छह की मी की दूरी जंगल अंदर सोन्ढूर डैम के डुबान मे यह ग्राम बसा हुआ है जहा सडक नही ऐसे मे विधायक अपनी गाडी से पगडण्डी रास्ते नदी नाले उबड खाबड रास्तो से ग्राम तक पहुची। वही ग्रामीणो की माग पर विधायक ने तत्काल गाव मे देव गुडी की घोसना की व भूमि पूजन भी किया व गाव मे सीसी सडक , पक्की नाली , गाव की हर छोटी छोटी समस्याओ का निदान की बात कही वही ग्रामीणो ने विधायक से जल जीवन मिशन की शिकायत की गाव मे अब तक पाईप लाईन का विस्तार आधा अधूरा है व टंकी के लिये सिर्फ बेस कर छोड दिये है गाव मे एक हेण्ड पंप के सहारे पेयजल मिलती है दो साल से ठेकेदार कार्य अधूरा कर दिया व क्रेडा हाई मास्क अधूरा पड़ा है।

# नक्सलियो की बेनामी सम्पत्ति पर पुलिस की बड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 26 जून।** नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक झा (आईपीएस) के निर्देशन एवं जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी पुलिस अधीक्षक वाय. पी. सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) डी.सी. पटेल के दिशानिर्देश में उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) ताजेश्वर दीवान के नेतुत्व में माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई। मदनवाड़ा थाना अंतर्गत नक्सलियों के बेनामी सम्पत्ति महिंद्रा ट्रेक्टर को जप्त किया गया। नक्सलियों द्वारा ठेकेदार से लेव्ही के बदले ट्रेक्टर खरीदवा कर माड़ में खेती किसानी कर रहे थे और बाद में नक्सली ट्रेक्टर को किराये पर चलाकर किराये से प्राप्त रुपए से दैनिक जरूरत के सामान खरीद रहे थे। पुलिस द्वारा नक्सलियों के लिए ट्रेक्टर खरीदने, उपयोग करने एवं वाहन खरीदी हेतु फर्जी दस्तावेज बनाने में संलिप्त 4 नक्सल सहयोगियो के ऊपर कार्यवाही किया गया है। रामकिशन यादव जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विभिन्न क्षेत्रों में क्क्त्स्ङ्ग एवं वन विभाग में निर्माण कार्य का ठेका लेता था वर्ष 2014 में रामकिशन यादव की रोड निर्माण में लगी गाड़ियों में नक्सलियों द्वारा आगजनी कर जला दिया गया था। जिससे बचने के लिए रामकिशन यादव, अरविंद तुलावी एवं सचिव महेश मेश्राम के माध्यम से अपने निर्माण कार्य में नक्सलियों के तरफ से कोई दिक्कत, धमकी, आगजनी ना की जाए जिसके एवज में इनके साथ मिलकर नक्सलियों को देने के लिए ट्रेक्टर खरीदने के लिए पैसों का इंतजाम किया था। रामकिशन यादव से प्राप्त 750000 रुपए से शो रूम सेल्समैन सुशील साहू द्वारा 600000 रुपए को अपने खाते में जमा कर अरुण एग्रीकल्चर ट्रेक्टर कम्पनी के खाते में स्थानांतरित किया और 150000 रुपए नगद काउंटर में जमा किया था।



ठेकेदार रामकिशन यादव ने ग्राम सचिव महेश मेश्राम के साथ मिलकर नक्सलियों को ट्रेक्टर देने का इंतजाम किया था । सचिव महेश मेश्राम के संबंध जिले में सक्रिय बड़े नक्सली नेताओं के साथ है तथा इसका माड़ आना जाना लगा रहता था। ट्रेक्टर को माड़ भेजने के लिए अरविंद तुलावी के साथ महेश मेश्राम भी गया था। जहां पर ट्रेक्टर को माड़ में नक्सलियों के बड़े नेताओं बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंपा गया। सचिव महेश मेश्राम ने ट्रेक्टर खरीदने के लिए फर्जी दस्तावेज का इंतजाम किया और ठेकेदार ने ट्रेक्टर खरीदने के लिए पैसा ईकट्ठा किया । ट्रेक्टर को माड़ ले जाना के लिए अरविंद तुलावी साथ में राजगांदगांव गया । जहां पर ट्रेक्टर शोरूम के सेल्समेन सुशील साहू को नक्सलियों के षडयंत्र में शामिल करके नगद 7 लाख 50 हजार रुपए से महिंद्रा ट्रेक्टर को खरीदा गया। इसके बाद अरविंद तुलावी के द्वारा महिंद्रा ट्रेक्टर को माड़ में माओवादी कमांडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंप दिया गया। कुछ महिने बाद माओवादी कमांडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग के बुलावे पर अरविंद तुलावी पुनः माड़ गया तब उक्त नक्सलियों ने कहा कि इस महिंद्रा ट्रेक्टर को अपने पास रखना और इसको गांव क्षेत्र में किराये पर चलाना इस ट्रेक्टर से जो भी कमाई होगी उससे हमारी आवश्यकता अनुसार सामान मंगाते रहेंगे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने भूमिक्षा और अनिशा को हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित



**राजनांदगांव 26 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से आज कलेक्टर कक्ष में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा साहू एवं अनिशा साहू ने सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भूमिक्षा और अनिशा को हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने भूमिक्षा एवं अनिशा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करें और सफलता के नये आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस उपलब्धि से आपने राजनांदगांव जिले के साथ देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही शासन-प्रशासन और हॉकी संघ का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने आने वाले अन्य हॉकी खिलाडियों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करने कहा। गौरतलब है कि भूमिक्षा और अनिशा 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट जर्मनी और नीदरलैण्ड में आयोजित किया गया। भूमिक्षा ने जर्मनी और अनिशा ने नीदरलैण्ड में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। भूमिक्षा और अनिशा बसंतपुर राजनांदगांव की निवासी है। ये दोनों खिलाड़ी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान में हॉकी खेलना शुरू किया था। इनके कोच श्री अनुराज श्रीवास्तव थे। भूमिक्षा मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। भूमिक्षा का नेशनल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकार्ड है, इसके लिए उन्हें जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला चुका है। अनिशा छत्तीसगढ़ हॉकी टीम से खेलते हुए इंडिया टीम में चयनित हुई थी। यह मिड फील्ड में खेलती हैं। अभी इंडिया कैम्प बेंगलुरू में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। दोनों खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलम्पिक - 2028 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का है। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ श्री फिरोज अंसारी, श्री रणवीजय सिंह, हॉकी कोच श्री अनुराज श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने संवेदनशीलतापूर्वक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी



**राजनांदगांव 26 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिले के दूरस्थ स्थानों से कलेक्टोरेट में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। आज जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन कार्यक्रम में आज विकासखंड छुरिया के ग्राम कुमर्दा निवासी श्रीमती भानबाई गेन्डरे ने प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋ्रण प्रदाय के लिए आवेदन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए लीड बैंक मैंनेजर को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसी तरह ग्राम अचानकपुर और भाठापारा के निवासियों ने गांव में नाली निर्माण के लिए आवेदन किया। ग्राम डिलापहरी निवासी श्री कमल कुमार वर्मा ने जर्जर मकान होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तेन्दूनाला निवासी श्री उमाशंकर ने विद्युत पोल को सीधा करने के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम गठुला निवासी श्री जगेशर चंद्रवंशी ने खेत में सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन कराने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी श्री महावीर कलार ने कृषि भूमि का ऋ्रण पुस्तिका दिलाने के लिए आवेदन किया।

### आयुक्त पहुंचे ब्राम्हणपारा, सीधे नागरिको से घरों में पूछा नल में पानी आ रहा है कि नहीं

**रायपुर 26 जून।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, राजधानी शहर रायपुर के ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र पहुंचे एवं स्वयं निरीक्षण के दौरान लोगो से घरों में जाकर पूछा कि उन्हें नल से पानी मिल रहा है कि नहीं, यदि मिल रहा है तो कितना पानी मिल रहा है। आयुक्त के साथ कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा उपस्थित थे। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा पूछे जाने पर ब्राम्हणपारा में घरों में कुछ लोगो ने नल से उन्हें प्रतिदिन नियमित पर्याप्त पानी मिलने की जानकारी दी । वहीं कुछ लोगो ने नल से पानी का प्रेशर कम होने की जानकारी दी । आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन अभियंता को स्थल पर निर्देशित किया कि सभी लोगो को नलो का पानी घरों में पर्याप्त प्रेशर के साथ दिलवाया जाना मॉनिटरिंग करके सुनिश्चित हो और इस हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से की जाये।

संपादकीय

# आपातकाल के जवाब में अघोषित आपातकाल...

राजनीति में किसी मुद्दे के जवाब में मुद्दा उठाना भी एक कला है। यह कला हर किसी को नहीं आती है।क्योंकि मुद्दे के जबाब में जो मुद्दा उठाया गया है,वह मुद्दे का जवाब है या नहीं यह भी देखा जाता है। अगर मुद्दे के जबाव में उसकी बराबरी का मुद्दा नहीं उठाआ जाता है तो यह मुद्दा उठाने वाले की हार मानी जाती है। लोकसभा के मानसून सत्र के बीच ही आपातकाल के पचास साल २५ जून को पूरे हुए तो पीएम मोदी ने आपातकाल को याद किया। कांग्रेस ने इसके जवाब में दस साल से अघोषित आपातकार का मुद्‌डा उठाकर यह बताने की कोशिश की कि इंदिरा गांधी के आपातकाल से मोदी का दस साल से अघोषित आपातकाल ज्यादा बुरा है। कांग्रेस यही कर सकती थी कि एक हकीकत में लगाए गए आपातकाल के दाग को छिपाने के लिए वह एक फेक आपातकाल की बात ही कर सकती है। यह काम कांग्रेस ने चुनाव में भी बखूबी किया था। भाजपा व मोदी ने कभी नहीं कहा कि उनकी सरकार बनने पर संविधान को समपात कर दिया जाएगा, आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा लेकिन कांग्रेस ने देश में यह फेक नरेटिव चलाया, इसके चलते उसको यूपी में ज्यादा सफलता मिल गई तो उसको वहम हो गया है कि वह भाजपा को फेक नरेटिव चलाकर हरा सकतीह । इसलिए उसने आपातकाल के जवाब में अघोषित आपातकार का फेक नरेटिवच चलाने का प्रयास किया है। इंदिरा गांधी ने पचास साल पहले जो आपातकाल लगाया था,वह हकीकत में लगाया था,आज भी उसके भुक्तभोगी जिंदा है. यह बताने के लिए कि आपातकाल में उनको क्या क्या भोगना पड़ा था।पूरे देश को कांग्रेस ने जेलखाना बना दिया था। देश के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था।संविधान का कुचल दिया गया था,देश में लोकतंत्र नहीं तानाशाही का राज था। उस वक्त लगाया गया आपातकाल एक सच्चाई है, इसलिए आपातकाल के बाद कांग्रेस को चुनावव में हार का सामना करना पड़ा था। राहुल गांधी और कांग्रस नेता उस आपातकाल के सामने मोदी के दस साल के ओघोषित आपातकाल को मुद्दा बनाते हैं तो वह बड़े हास्यासपद लगते हैं क्योंकि पीएम मोदी के दस साल में कहीं पर भी किसी के बोलने या लिखने पर किसी तरह की कोई रोक नहीं लगाई,जिसने जैसा चाहा वैसा बोला। जो जी में आया बोलाष। दस साल में पीएम मोदी को जितनी गाली दी गई किसी पीएम को नहीं दी गई। किसी नेता को मोदी की आलोचना करने के लिए जेल में नहीं डाला गया ,किसी नेता को मोदी का विरोध करने के कारण जेल नहीं भेजा गया।विपक्ष के कुछ नेताओं को जरूर जेल भेजा गय है तो वह भी भ्रष्टाचारर के मामले में और कोर्ट ने जेल भेजा है। देश में सभी संवैधानिक संस्थाएं पूरी आजादी से काम कर रही हैं। कोर्ट सरकार के खिलाफ फैसले दे रहा है, हर स्तर पर चुनाव हो रहे हैं। कई चुनावों में भाजपा की हार भी हुई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत भी नहीं मिला है फिर भी एनडीए की सरकार बन गई है और पीएम मोदी तीसरी बार पीएम बन गए है।अघोषित आपातकाल होता तो विपक्ष को २३४ सीटें नहीं मिलती। देश में सबको आजादी है, सब आजादी से काम कर रहे हैं इसलिए विपक्ष को ज्यादा सीटें जीत रहा है।यही देश में अघोषित आपातलाक लागू नहीं होने का सबसे बड़ा प्रमाण हैं। देश में ज्यादा समय तक सत्ता मे कांग्रेस रही इसलिए संविधान विरोधी कई काम तो उसने किए हैं। राहुल गांधी सोचते हैं कि जिस कांग्रेस का इतिहास संविधान के अपमान का रहा है,वह कांग्रस हाथ में संविधान की प्रति लेकर संविधान की रक्षक बन जाएगा। राहुल गांधी के हाथ में संविधान का प्रति देखते ही देश को याद आ जाता है कि राहुल गांधी किस तरह कैबिनेट से पास अधिनियम को फाड़ दिया था। सोनिया गांदी के हाथ में संविधान का प्रति देखकर देश को याद आ जाता है कि यही सोनिया गांधी थी जिन्होंने कैबिनेट से ऊपर नेशनल एडवायजरी कमटे बनाई थी और संविधान का अपमान किया था। सत्ता में रहते कांग्रेस ने आपातकाल को भुला दिया था, पीएम मोदी के सत्ता मे आने के बाद हर साल देश याद करता है कि २५ जून को कांग्रेस ने देस में आपातकाल लगाकर संविधान का अपमान किया था।यह कांग्रेस को बुरा लगता है,इसे झूठ नहीं कह सकती तो वह पीएम मोदी को तानाशाह व संविधान विरोधी बताने का प्रयास करती रहती है और खुद को हास्यास्पद बनाती रहती है। मोदी ने अघोषित आपातकाल लगाया होता तो जनता उन्हें भी चुनाव में हरा देती, पीएम मोदी लगातार चुनाव जीत रहे हैं, इससे साबित होता है कि कांग्रेस व राहुल गाधी झूठ बोलते रहे हैं और आज भी अघोषित आपातकाल का झूठ फैला रहे हैं। कांग्रेस को जनता व उसके जनादेश का सम्मान करना चाहिए। जनता अहंकारी नेताओं को सबक सिखाती रही है। आगे भी उसे लगा कि किसी नेता को अहंकार हो गया है तो उसे सबक जरूर सिखाएगी।

राजनीति

निर्मल रानी

# भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी



जिस अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के बल पर भाजपा तीसरी बार सत्ता में पूर्ण बहुमत से आने का सपना संजोए बैठी थी उसी अयोध्या ने पिछले दिनों मानसून पूर्व की केवल एक दिन की बारिश में यह बता दिया कि किस तरह मंदिर निर्माण व अयोध्या के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। गत दस वर्षों से सत्ता की गोद में बैठा मीडिया अयोध्या के विकास की इकतरफा गाथा गाने में व्यस्त था। चारों शंकराचार्य सहित और भी कई बड़े बड़े संत महात्मा पुरजोर तरीक़े से यह आवाज उठा रहे थे कि चूँकि मंदिर निर्माण अभी अधूरा है लिहाजा अपूर्ण मंदिर भवन में विशेषकर आधे अधूरे मंदिर शिखर के नीचे राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करना शास्त्रसम्मत नहीं है। परन्तु राजनीति के स्वयंभू चाणक्यों ने किसी संत महात्मा की बात पर ध्यान नहीं दिया। और केवल लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का 'ग्रांड शो ' रच डाला। और उसी स्वयंभू दूरगामी 'चाणक्य नीति' ने यह नारा दे दिया कि 'जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे'। केवल इतना ही नहीं बल्कि अपने विरोधियों को गोदी मीडिया के माध्यम से हिन्दू विरोधी,राम विरोधी व सनातन विरोधी प्रचारित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। गोदी मीडिया ने भले ही राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने में एड़ी चोटी का जोर लगा दिया परन्तु उत्तर प्रदेश के लोग विशेषकर अयोध्यावासी व स्थानीय समग्र साधु संत समाज अपूर्ण मंदिर भवन में निर्मित आधे अधूरे मंदिर शिखर की सच्चाई से भी वाक़िफ था और अयोध्या के विकास के नाम पर पूरे शहर की सड़कों नालों नालियों,सीवरेज प्रणाली के निर्माण में जम कर की गयी लूट खसोट से भी परिचित था। आखिर कार राम मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने स्वयं ही मंदिर निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुये यह दावा किया कि यह दूसरी बार है जबकि राम मंदिर की छत से पानी टपक रहा है। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार पहली बारिश में भी मंदिर की छत से पानी का रिसाव हुआ था। उस समय भी उन्होंने विरोध किया था। आचार्य दास ने सवाल किया है कि 'जब राम लला के विराट दिव्य मंदिर के निर्माण में देश के सुप्रसिद्ध इंजीनियर लगे हैं, उसके बावजूद मंदिर की छत से पानी का टपकना आश्चर्यजनक है। जो मंदिर बन गए हैं और जहां रामलला विराजमान हैं, वहां पहली ही बारिश में पानी टपकने लगा। मंदिर के अंदर भी बरसात का पानी भर गया था। राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट को इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि बने मंदिरों से क्यों पानी टपक रहा है'? पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र को यह सफाई देनी पड़ी कि ह्यमैंने खुद मंदिर की पहली मंजिल से बारिश का पानी टपकते हुए देखा है। इसके पीछे वजह यह है कि अभी मंदिर की दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे इसकी छत पूरी तरह खुली है। इसलिए वहां पानी भर गया और छत से नीचे भी टपका। इस तरह खुले फर्श पर पानी टपक सकता है। लेकिन अगले महीने के अंत तक दूसरी मंजिल की छत बंद हो जाएगी, फिर यह समस्या नहीं होगी। ह्न नृपेंद्र मिश्र के बयान से ही यह साफ है कि मंदिर 22 जनवरी को भी अधूरा था और आज भी अधूरा है लिहाजा क्या वजह है कि उस समय शंकराचार्यों व संतों की बात नहीं मानी गयी ? और आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा दी गयी ? लिहाजा यदि 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा पूर्णतः राजनैतिक नहीं थी तो और क्या थी ? खबर है कि मंदिर के मुख्य शिखर को प्लास्टिक,कपड़ों व बांस बल्लियों से बनाकर तैयार किया गया था। मानसून की शुरूआती बारिश में केवल अयोध्या राम मंदिर की छत से ही पानी नहीं टपका बल्कि लगभग पूरी अयोध्या त्राहि त्राहि करने लगी। एक दिन की बारिश में ही राम पथ पर सआदतगंज से लेकर लता चौक तक कम से कम 20 जगहों पर सड़कों में गड्ढे पड़ गये। कई जगह सड़कें धंस गईं। नाले व नालियां जाम हो गये। जबकि हाई टेक अयोध्या के निर्माण का दावा किया जा रहा था ? प्राप्त सूचनाओं के अनुसार सड़क धंसने वाली कुछ जगहों पर कुछ दिन पहले ही अमृत योजना के तहत सीवर पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया था। सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद सिर्फ गिट्टी डालकर सड़क को अस्थायी रूप से पाट दिया गया। उसकी ठीक ढंग से मरम्मत नहीं कराई गई। इसी का नतीजा रहा कि बारिश में यहां पर सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि काम मानक के अनुरूप नहीं किया गया जिसके कारण सड़क धंस गयी।



इसी तरह राम मंदिर के बिल्कुल क़रीब रेलवे स्टेशन मार्ग पर कॉलोनी जलवानपुरा में जलभराव हो गया जिसके चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। अयोध्या नगर की दजर्नों दुकानों और मकान में बरसात का पानी घुसने से लोग परेशान हुये।

अयोध्या व उत्तर प्रदेश के सुदूर राज्यों में बैठे लोग गोदी मीडिया द्वारा परोसी गयी हाई टेक अयोध्या व मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह व इसमें शामिल विशिष्ट व अतिविशिष्ट लोगों की भीड़ को चाहे जिस नजरिये से देख रहे हों परन्तु हक़ीक़त में अयोध्या वासी बहुत क़रीब से न केवल इस 'ढोल में छिपे पोल ' को देख रहे थे बल्कि इसी प्रचारित हाई टेक अयोध्या के निर्माण व विकास के नाम पर उजाड़े गये अपने घरों की तबाही व अपने तबाह हुये व्यवसायों के भी भुक्तभोगी थे। वे यह भी देख रहे थे कि किस तरह सत्ता संरक्षण में बाहरी कंपनियों व ठेकेदारों द्वारा भगवान राम के नाम पर लूट मचाई जा रही है। यही वजह थी की विपक्षियों के बारे में सत्ता व मीडिया द्वारा तमाम दुष्प्रचार करने के बावजूद अयोध्यावासियों ने 'जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे' जैसे नारे को फर्जी समझते हुये भाजपा के प्रत्याशी को अप्रत्याशित रूप से हरा दिया और उस समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाया जिसके बारे में गोदी मीडिया सत्ता के हवाले से यह दुष्प्रचार कर रहा था कि यदि यह जीते तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलवादेंगे। दरअसल अयोध्या व उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा के झूठ भ्रष्टाचार व पाखंड को भली हन्ति पहचान लिया था। भाजपा अयोध्या यूँ ही नहीं हारी है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप ऑफिस में अपना चमत्कारी प्रभाव दिखाने वाले हैं, कोई बहुत ही कठिन काम बड़ी आसानी से पूरा करने में सफल रहेंगे और आप अपने काम से बॉस के खास बन जायेंगे। आज बेवजह के खर्चों से बचें क्योंकि थोड़ा-थोड़ा करके काफी लम्बा खर्चा हो सकता है। आज जीवनसाथी से कोई उपहार मिलने वाला है। बच्चों की उपलब्धियों से समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका आध्यात्मिक लोगों से मिलना होगा। आज थोड़े से प्रयास से बड़ी उपलब्धि हासिल हो जायेगी। राजनीति में बड़े लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। आज आपकी देर शाम दोस्तों के साथ मीटिंग हो सकती है, इससे आपको कोई बड़ा लाभ भी होगा। आपको अच्छे स्वास्थ्य के लिए थोड़ा समय निकालना चाहिए। बेहतर होगा की सुबह-सुबह योग करनें की आदत डालें। आर्थिक स्थिति मजबूत होने वाली है, और अब जल्द ही आपकी आमदनी फिक्स हो जाएगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपनी चतुराई से बिजनेस को तीव्र गति से दौड़ा देंगे जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे और आप मालामाल हो जायेंगे। इस राशि के जो लोग रंगमंच से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी करने का वक्त आ गया है और प्रभु की कृपा से सफलतापूर्वक आप अपनी जिम्मेदारी को पूरा भी कर लेंगे। अपना व अपनों का ख़ास ख्याल रखें।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज वाणी पर नियंत्रण करके आप सफलता हासिल कर लेंगे। आज प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े बड़े फैसले ले सकते हैं, जिससे आपको आगे चलकर अच्छा परिणाम हासिल होगा। स्वास्थ्य पर आज सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। परिवारजनों के साथ किसी पर्यटन-स्थल पर घूमने जायेंगे। आपको सामाजिक क्षेत्र में सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त होगी। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहने वाला है। मेहनत जारी रखें सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको ऑफिस में कोई ऐसा काम दिया जा सकता है जो चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आप सफलता पूर्वक उसे निपटाने की पूरी भरपूर कोशिश करेंगे। आज आपकी कुछ कठिन विषयों में रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस में नए अनुभव मिलने की सम्भावना है। आज आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे... जल्द ही नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम में भी इजाफा होगा। घरेलू जीवन में सामंजस्यपूर्ण स्थिति बनी रहेगी। साझेदारी के व्यवसाय से आपको लाभ हो सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किस्मत आपका साथ देने वाली है। आज आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मिला-जुला परिणाम प्राप्त होगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को उनके सीनियर्स से भरपूर मदद मिलेगी। जीवनसाथी के नज़रिये को समझकर व्यक्तिगत समस्याएं सुलझाएंगे तो दोनों में अच्छी अंडरस्टैंडिंग बनेगी। आज आप रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी में व्यस्त रहेगें। आज आपका मन पूजा पाठ में लगेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन खास होने वाला है। हँसी-मज़ाक में कही गई बातों को लेकर उलझने से बचें। व्यापार की बढ़ोतरी के लिए आज आप कुछ अलग प्लान बनायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे। घरवाले इसपर सोच विचार करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप अपने भाई के किसी महत्वपूर्ण कार्य में मदद करेंगे। आज आपको अपने दोस्तों के साथ कही घूमने का अवसर मिलेगा। आज अपना पसंदीदा काम निपटाने की योजना बना सकते हैं। रुके काम शुरू करने में किसी की मदद लेंगे। नौकरी के लिहाज से दिन काफी ठीक रहेगा, साथ ही काम में मन लगेगा और उत्साह भी बढ़ेगा। आज किसी से आर्थिक लेन-देन में आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

धनु राशिः आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आया है। आज बनायी गई व्यापार संबंधित नई योजनाएं काफी आकर्षक साबित होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया भी साबित होगी। अपने लक्ष्य को पाने के लिए अभी से काम पर लग जाएं आगे चलकर मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। आज लोगों से बातचीत करते वक्त मधुर भाषा का प्रयोग करें। नया कंप्यूटर खरीदने का कोई विचार है तो आज का दिन अच्छा है।

मकर राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। लोगों के समस्याओं का समाधान निकालने के लिए आज भाग-दौड़ या किसी प्रकार की यात्रा हो सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को और मजबूत करेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी। आज आप खुद को ऊर्जा से सराबोर महसूस करेंगे। आज लवमेट के साथ अपनी पसंदीदा जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अपनी इच्छा से आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। आपकी आज कोई नई योजना पूरी होगी उससे फायदा भी मिलेगा। आज आपकी आय में इज़ाफ़ा होने की संभावना है। कारोबार के लिए आप अनुभवी लोगों से राय मश्वरा करेंगे तो सफलता आपके कदमों में होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे से उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। हर जरूरी बात अपने जीवनसाथी से जरूर शेयर करें, जिससे उलझने खत्म होगी और नए आइडिया भी सामने आ सकते हैं। आज किसी शुभ समाचार के मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा रहेगा। अगर आपका बहुत जरूरी सरकारी काम रुका पड़ा है तो बिना किसी हिचक के उच्चाधिकारी से बात करें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

व्यंग्य

# अंगूरीबाई हँस पड़ी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हम उनसे हर साल दो करोड़ नौकरी माँग रहे थे। नौकरी माँगने वाले की डिग्रियाँ घर में पड़ी-पड़ी जब सड़ने लगती हैं तब उन्हें सरकारी वादों की बड़ी याद हो आती है। सरकार भी हाथी के दाँत के समान अपने मेनिफेस्टो को कचरे के ढेर में डालकर अपने भीतरी अजेंडे को अमल में लाती है। निकम्मे जब सरकार बनाते हैं तो सबसे पहले निकम्मों की बैंड बजाते हैं। सभी को नौकरी देना मतलब सभी मुद्दों को तिलांजली देने के समान होता है। इसलिए बेरोजगारों को नौकरी के अंगूर दिखा-दिखाकर पाँच साल गुजारने के लिए सरकार को सरकार नहीं अंगूरीबाई बनना पड़ता है। अंगूरीबाई निकम्मों को बहकाने के लिए अलग-अलग किस्म के अंगूर ले आती है। एक दिन अंगूरीबाई ने एक निकम्मे से पूछ लिया कि तुम किस तरह के अंगूर चाहते हो। तब उसने कहा झ्र मैम साहब! समाचार पत्र में फलाँ नौकरी का अंगूर देखकर आवेदन किया था। मैं स्नातकोत्तर हूँ। आप मुझसे उस स्तर का सवाल पूछ सकती हैं। आप जो चाहे वह पूछ सकती हैं। हाँ यदि मैं जवाब न दे सकूँ तो आप मुझे खुशी-खुशी बाहर का रास्ता दिखा सकती हैं। मैं चूँ तक न करूँगा। किंतु आप बेमतलब के सवाल जैसे कि भोपाल में समुद्र क्यों नहीं है? सलमान खान की शादी क्यों नहीं हुई? मुर्गी पहले या अंडा पहले? पूछकर मेरा अपमान मत कीजिए। हाँ अगर आपने किसी को पहले ही चुन लिया है और यह साक्षात्कार प्रक्रिया केवल दिखावे के लिए है, तो मुझे सीधे-सीधे मना कर दीजिए। इस तरह किसी का मजाक न बनाएँ। किसी ने बताया कि अंगूरीबाई खास लोगों को ही अंगूर खिलाने के चक्कर में रहती है। जब इसका पता निकम्मे को लगा तो उसने कहा - इस देश के युवा एक हाथ में पढाई की डिग्री और दूसरे हाथ में अलग-अलग सरनेम का भार लिए घूमते हैं। निकम्मे तो निकम्मे होते हैं। इसका न कोई धर्म होता है, न जात-पात। न भाषा होती है न कोई प्रांत। इसके लिए उत्तर क्या दक्षिण क्या। पूरब क्या पश्चिम क्या। एक निकम्मे के लिए नौकरी जीने का लायसेंस है। जब तक यह नहीं है, तब तक समाज में उसका कोई आदर नहीं करता। घर में उठना-बैठना, खाना-पीना दुश्वार हो जाता है। नाते-रिश्तेदारों में मजाक बनकर रह जाता है। समाज के लोग कुत्ते से भी बदतर व्यवहार करते हैं। अंत में अंगूरीबाई ने कहा - भावनाओं में बहकर में अलग-अलग वादों के अंगूर खिलाने लगी, तो हो गया मेरा भला। यह तो वे अंगूर हैं जो सिर्फ दिखाने के लिए है। तोड़ने और खाने के लिए कतई नहीं। तोड़ने और खाने वाले समझदारों को सत्ता की गठरी थमाते हैं। जिसने इतनी बेवकूफी भरी हरकत कर मुझे हुक्म चलाने के लिए न्यौता दिया है, उसे नौकरी का अंगूर तो क्या मेरी जूती का धूल तक न बनाऊँ। इतना कहते-कहते अंगूरीबाई हँस पड़ी।

## घंटों बैठकर काम करने वालों के लिए कॉफी फायदेमंद

एक रिसर्च के मुताबिक कॉफी पीने से हेल्थ से जुड़ी समस्या कम होती है.साइंस अलर्ट रिसर्च में शामिल रिसर्चर के जो लोग कॉफी पीते हैं और घंटों बैठकर काम करते हैं उनमें बीमारी का जोखिम कम होता है. जो लोग कॉफी नहीं पीते हैं उनकी तुलना में कॉफी पीने वालों की समय से पहले मरने की संभावना कम होती है.

**इस रिसर्च में 10 हजार लोग शामिल हुए थे**- इस रिसर्च में 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे, ये लोग कॉफी पीकर घंटों काम करते थे. हेल्थ डेटा के मुताबिक कॉफी पीने से वह काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं. इन लोगों को दिल की बीमारी और समय से पहले मरने की संभावना भी खत्म कर देता है.

**घंटों बैठकर काम करने वालों को पीना चाहिए कॉफी**-सबसे अच्छी बात यह है कि जो लोग घंटों बैठकर काम करते हैं उन लोगों में कॉफी पीने के फायदे दिखते हैं. कॉफी की आदत से लोग ज्यादा से ज्यादा एक्टिव रहते हैं साथ ही उनके दिल की बीमारी का जोखिम भी कम होता है. जो लोग ज्यादा कॉफी पीते हैं यानि हर रोज 2 कप से ज्यादा उन्हें घंटों बैठने लोगों की तुलना में मरने की संभावना कम होती है.

हालांकि, पिछले रिसर्च के मुताबिक कॉफी की खपत और लंबे समय तक पीने से स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा असर होता है. रिसर्च में बताया गया कि कैफीन को टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग के कम जोखिम से जोड़ा है. यहां तक कि डिकैफ़ कॉफी में भी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चयापचय में सुधार कर सकते हैं और सूजन को कम कर सकते हैं. कॉफी पीने से दिमाग अच्छा रहता है.

**स्ट्रेस करता है कम**-आजकल तनाव आम बीमारी हो गई है. ऐसी स्थिति में अगर आप ब्लैक कॉफी पीते हैं तो इससे स्ट्रेस, एंग्जायटी कम होती है. कॉफी में मौजूद कैफीन हैप्पी हार्मोन के लिए अच्छा होता है. इससे थकान, तनाव दूर होता है.

**दिल को रखता है हेल्दी**-रोजाना हर रोज एक या 2 कप कॉफी पीते हैं तो यह हार्ट के लिए अच्छा होता है. इसे पीने से स्ट्रोक और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा होता है.

**वजन को करता है कंट्रोल**-ब्लैक कॉफी में कैलोरी कम होती है.यह तेजी से फैट कम कर देता है. एक्सरसाइज करने से फैट कम होता है.

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# अभी कितने परिवार और उजाड़ेगी जहरीली शराब?



देश के कई हिस्सों में अवैध शराब समय समय पर लोगों को मौत परोसने का काम करती रही है। हर साल सैकड़ों लोगों की मौत अवैध शराब के सेवन से होने की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने में पूरी तरह नाकाम साबित हुइ है। हाल ही में तमिलनाडु में अवैध शराब का कहर टूटा। कल्लाकुरिची जिले से सामने आए अवैध शराब के मामले में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अब तक 57 लोग दम तोड़ चुके हैं, वहीं 156 लोगों का अब भी उपचार जारी है। जबकि, सात लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

शराब एक ऐसी बुराई है जिस पर रोक लगाई जानी चाहिए परंतु हमारी सरकारों ने इस ओर से आंखें मूंद रखी हैं। इसका कारण यह है कि हमारी सरकारें इसकी बिक्री से होने वाली भारी-भरकम आय को खोना नहीं चाहते क्योंकि सरकारें इसी के सहारे ही चलती हैं।

आज देश में शराब का सेवन लगातार बढ़ रहा है और अब तो समाज विरोधी तत्वों द्वारा नकली जहरीली शराब भी बनाई जाने लगी है जिसके इस्तेमाल से होने वाली मौतों के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के सुहाग उजड़ रहे हैं और बच्चे अनाथ हो रहे हैं। शराब वैध हो या अवैध दोनों ही स्वास्थ्य का नुकसान करती है। नकली अवैध शराब तो सीधे जहर पीना है लेकिन सस्ती के चक्कर में नशे के आदि लोग नकली अवैध शराब पीने से भी बाज नहीं आ रहे हैं इसी का परिणाम है कि आए दिन शराब पीने से लोगों की असमय मौत के मामले बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती हैं 2022 में छपरा में नकली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें मास्टरमाइंड सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसके पूर्व बिहारशरीफ, गोपालगंज और बेतिया में नकली शराब पीने से मौत के मामले सामने आए थे।26 जुलाई, 2022 को गुजरात के 'बोटाद' जिले में जहरीली शराब पीने से 18 लोगों की मौत और 45 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए।24 सितम्बर, 2023 को बिहार के मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत तथा 3 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। 11 नवम्बर, 2023 को हरियाणा के यमुनानगर और अम्बाला में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई। 19 नवम्बर, 2023 को बिहार के सीतामढ़ी में जहरीली शराब पीने से 3 लोगों की मौत तथा 1 गंभीर रूप से बीमार हो गया। 22 मार्च, 2024 को संगरूर में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ लोग अंधे हो गए। 18 जून, 2024 को छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के 'कोटमेर' गांव में जहरीली शराब पीने से एक महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गई। 18 जून, 2024 को ही तमिलनाडु के 'कल्लाकुरिची' जिले में 'पैकेट' और 'सैशे' के रूप में खरीदी जहरीली शराब पीने के कुछ ही समय बाद बड़ी संख्या में लोगों को दस्त, उल्टी आने, पेट दर्द और आंखों में जलन की शिकायत शुरू हो गई और फिर उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। 23 जून के आते-आते जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 53 तक पहुंच गई, जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी अस्पतालों में पड़े हैं जिनमें से 30 की हालत गंभीर है। इस मामले में 49 वर्षीय अवैध शराब विक्रेता 'कन्नुकुट्टी' सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 'कन्नुकुट्टी' के पास से जब्त की गई 200 लिटर अवैध न शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथेनाल' मौजूद था। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी राज्य के 'विल्लुपुरम' तथा 'चेंगलपट्टू' दे जिलों में अवैध शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस मामले की जांच के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का निर्देश देने के अलावा जिले के एस. पी. को बर्खास्त तथा जिला कलैक्टर का तबादला कर दिया है। देश में नकली शराब से सबसे अधिक 134 लोगों की मौत बिहार में हुई। इसके बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक और तीसरे स्थान पर पंजाब है। वर्ष 2022 में देश भर में अवैध व नकली शराब के 507 केस दर्ज हुए। इनमें 617 लोगों की मौत हुई, जिनमें 15 महिलाएं थीं। हालांकि, बिहार में एक भी महिला की मौत अवैध शराब के सेवन से नहीं हुई है। एनसीआरबी 2022 की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। अवैध और नकली शराब से जुड़े बिहार में सबसे कम 29 केस सामने आए, लेकिन मौत के मामले में आंकड़ा सबसे अधिक है। शराब के ऐसे दुष्प्रभावों को देखते हुए ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पराधीनता के युग में यह घोषणा की थी कि यदि भारत का शासन आधे घंटे के लिए भी उनके हाथ में आ जाए तो वह शराब की सभी डिस्टिलरियों और दुकानों को बिना मुआवजा दिए ही बंद कर देंगे। यही नहीं, गांधी जी ने महिलाओं को भी स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ा और देश के कोने-कोने में महिलाओं ने छोटे दूध पीते बच्चों तक को गोद में लेकर शराबबंदी की मांग के साथ-साथ विदेशी कपड़ों की होली जलाई और अनेक महिलाओं ने 2-2, 3-3 वर्ष की कैद भी काटी थी। उक्त दुखद घटनाओं से स्पष्ट है कि शराब किस कदर तबाही लाती है। अतः इसके सेवन पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने और दोषियों को कठोरतम दंड देने की जरूरत है ताकि परिवार न उजड़ें। देश के कई राज्यों में शराबबंदी लागू है. गुजरात पहला राज्य था, जिसने शराबबंदी लागू की थी. 1960 में बॉम्बे से अलग होकर जब गुजरात बना, तभी से वहां शराबबंदी लागू है. उसके बावजद भी बीते 6 साल में गुजरात में 54 लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हो गई. बीते साल जुलाई में गुजरात के बाटोद जिले के रोजिद गांव में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दजर्नों लोगों की मौत हो गई थी.बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप में पूरी तरह से शराबबंदी लागू है। 2016 में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी लागू की। मणिपुर में भी 1991 से शराबबंदी थी, लेकिन अब सरकार ने इसमें थोड़ी छूट दे दी है. सरकार का कहना था कि अवैध शराब पीने से स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को कम करने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ये फैसला लिया गया है. शराबबंदी को लेकर प्रयोग होते रहे हैं. कई राज्यों में भी शराबबंदी को पहले लागू किया गया, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया है।

आंध्र प्रदेश ने भी 1995 में शराबबंदी को लागू किया था. लेकिन इस बीच सत्ता बदली और चंद्रबाबू नायडू सीएम बन गए. उन्होंने 1997 में 16 महीने पहले शराब पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन 16 महीनों में सरकार को 1200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था. हरियाणा ने भी 1996 में शराबबंदी को लागू किया था, लेकिन दो साल बाद ही 1998 में इस प्रतिबंध को हटा लिया. मणिपुर ने भी पिछले साल अपनी एक्साइज पॉलिसी में बदलाव किया है. यहां 1991 से शराबबंदी लागू थी, लेकिन अब इसमें कुछ छूट दी गई है। शराबबंदी को लेकर प्रयोग होते रहे हैं. कई राज्यों में भी शराबबंदी को पहले लागू किया गया, लेकिन बाद में उसे हटा दिया गया है।

शराबबंदी सफल नहीं होने के पीछे दो बड़े कारण हैं. पहला तो ये शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब की तस्करी होती रहती है और दूसरा सरकार के रेवेन्यू को नुकसान।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की रिपोर्ट बताती है कि देश में अवैध शराब का कारोबार 23 हजार 466 करोड़ रुपये का है. फिक्की के मुताबिक, अवैध शराब की तस्करी की वजह से सरकार को 15 हजार 262 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है. अवैध शराब यानी जिसका कोई रिकॉर्ड नहीं है. ये शराब बिना किसी रिकॉर्ड के बिकती है. इसकी तस्करी होती है और इस पर कोई टैक्स नहीं दिया जाता है. लिहाजा अवैध शराब की तस्करी से सरकार को रेवेन्यू लॉस होता है, लोगों की मौत होती है तो दूसरी ओर शराब कारोबारी पैसा कमाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल पांच अरब लीटर शराब पी जाती है. इसमें 40 फीसदी से ज्यादा अवैध तरीके से बनाई जाती है और ये सस्ती होती है. ग्रामीण इलाकों में देसी शराब ज्यादा पी जाती है. जबकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल शराब की जितनी खपत होती है, उसमें से 50 फीसदी अवैध तरीके से बनती और बिकती है। ऐसे हालात में शराब को लेकर अभी बहुत जागरूकता लाने और सरकारी नीतियों का पुनरीक्षण कर विचार करने की जरूरत है ताकि लोगों को शराब के जहर से बचाया जा सके।

# जिला सुकमा में सक्रिय 2 महिला सहित 4 नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 26 जून।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), कमलोचन कश्यप , पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, आंनद सिंह राजपुरोहित, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, हिमांशु पाण्डे, कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा संजय कुमार यादव द्वितीय कमान अधिकारी 74 वाहिनी सीआरपीएफ निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स जिला सुकमा, अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, आकाश राव गिरेपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' एवं ''नियत नेला नार'' योजना के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापना से मिलने वाली सुरक्षा, सुविधा व विकास से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा, नक्सलियों द्वारा किए जाने वाले शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा किए जाने वाले भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित माओवादी नक्सल संगठन में सक्रिय 02 महिला नक्सली 04 नक्सलियों क्रमशः (01) महिला हेमला नंदे पति बुधरा (एर्रनपल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्या) उम्र लगभग 25 वर्ष जति मुरिया निवासी एर्रनपल्ली थाना पामेड़ जिला बीजापुर (छ0ग0), (02) महिला नुप्पो सोमड़ी पति नुप्पो पारू (नागाराम आरपीसी केएमएस उपाध्यक्षा) उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी नागाराम सरपंचपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), (03) हेमला एर्रा पिता स्व. भीमा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 34 वर्ष निवासी निवासी नागाराम थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0) एवं (04) कड़ती हिड़िया पिता स्व. गंगा (नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) के द्वारा दिनांक 21.06.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में रवि गणवीर डिप्टी कमाण्डेन्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ एवं मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। महिला नक्सली नुप्पो सोमड़ी, हेमला एर्रा एवं कड़ती हिड़िया को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 74 वाहिनी आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है।सभी आत्मसमर्पित नक्सली नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक लगाना, मार्गो को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहे है।आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।

## एक नजर

### नियद नेल्लानार योजनांतर्गत समाधान शिविर का आयोजन 27 जून को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 जून।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए पानीडोबीर कैम्प अंतर्गत सम्मिलित 05 ग्रामों में 27 जून से 03 जुलाई तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। समाधान शिविर (मेगा कैम्प) का आयोजन ग्राम पंचायत पानीडोबीर अंतर्गत पानीडोबीर (हितुलबेड़ा हिचाकोट) में गुरूवार 27 जून, ग्राम पंचायत आलपरस अंतर्गत हेटारकसा में शुक्रवार 28 जून, गुंदुल (मर्राम) में शनिवार 29 जून, अलपर में सोमवार 01 जुलाई और ग्राम आलपरस में बुधवार 03 जुलाई को किया जाएगा। उक्त समाधान शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 जून।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पानी में डूबने और सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के चार प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये के मान से कुल 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पखांजूर तहसील के ग्राम उजाला बोगानभोड़िया निवासी 43 वर्षीय दीप्तकर विश्वास की नहर नाली में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती मनिमा विश्वास को चार लाख रूपये, तहसील बांदे अंतर्गत ग्राम स्वरूपनगर निवासी 32 वर्षीय निरंजन मण्डल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के कारण पत्नी श्रीमती अलोकी को चार लाख रूपये, ग्राम कंदाड़ी निवासी 41 वर्षीय इरमा राम पद्दा की मृत्यु सर्प काटने से हो जाने पर पत्नी श्रीमती मोडे बाई को चार लाख रूपये और अंतागढ़ तहसील के ग्राम फुलपाड़ निवासी 45 वर्षीय नरसू नुरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती बिसंती को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### स्टॉप डायरिया कैम्पैन का आयोजन 1 जुलाई से 31 अगस्त तक

**जगदलपुर 26 जून।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार स्टॉप डायरिया कैम्पैन 2024 का आयोजन आगामी 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। 0 से 05 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसका शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में में कमी लायी जा सकती है। डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैम्पैन 2024 का आयोजन शासन द्वारा किया जाएगा। बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की कमी करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक कैम्पैन चलाया जाएगा।

### जिले में मोबाइल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन शिविर

**जगदलपुर, 26 जून।** राज्य शासन के द्वारा श्रम विभाग के अधीन मंण्डलों छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत किया जा कर संचालित योजनाओं से लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से निर्माण श्रमिकों तथा असंगठित कर्मकारों का अधिक से अधिक नियमित रूप से पंजीयन हेतु श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र और निर्माणाधीन भवन स्थल में मोबाईल कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों के अंतर्गत पंजीयन शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके तहत बकावंड ब्लॉक मुख्यालय में 27 जून 2024,जगदलपुर विकासखण्ड के कलचा में 02 जुलाई एवं गरावंडकला में 04 जुलाई,दरभा ब्लॉक के चांदामेटा में 09 जुलाई एवं पखनार में 11 जुलाई,लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के सुलेंगा में 16 जुलाई एवं धर्माबेड़ा में 18 जुलाई,तोकापाल ब्लॉक के पलवा में 23 जुलाई एवं बड़ेआरापुर में 25 जुलाई,बस्तर विकासखण्ड के रोतमा में 30 जुलाई एवं सालेमेटा में 01 अगस्त 2024 को श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित किये जाएंगे। वहीं बास्तानार विकासखण्ड के लालागुड़ा में 06 अगस्त एवं बड़ेबोदेनार में 08 अगस्त,बकावंड ब्लॉक के करपावंड में 13 अगस्त एवं मंगनार में 16 अगस्त,जगदलपुर विकासखण्ड के खुटपदर में 20 अगस्त एवं हाटपदमुर में 22 अगस्त,दरभा ब्लॉक के केलाऊर में 27 अगस्त एवं मामड़पाल में 29 अगस्त,लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के मारडूम में 03 सितम्बर एवं हर्राकोड़ेर में 05 सितम्बर,तोकापाल ब्लॉक के सिरिसगुड़ा में 10 सितम्बर एवं सालेपाल में 12 सितम्बर,बस्तर ब्लॉक के सोनारपाल में 17 सितम्बर एवं सेमलनार में 19 सितम्बर और बास्तानार विकासखण्ड के बास्तानार में 24 सितम्बर एवं ईरपा में 26 सितम्बर 2024 को श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा।

# कांग्रेस ने 1975 में देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी:गौतम गोलछा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 26 जून।** भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में 25 जून को आपातकाल काला दिवस के विरोध में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन से गौतम गोलछा उपस्थित हुए। गौतम गोलछा ने कहा की वर्ष 1975 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। आज देश आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को याद कर उन समय की सरकार और आज के कांग्रेस को कोस रहा है और याद दिला रहा है की आपके पूर्वज आओनेताओं ने ही देश में आपातकाल लगाया था। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई और असंख्य लोगों को जेल में डाल दिया गया था।21 महीना का ये आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है 7 प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए वक्ता गौतम गोलछा ने कहा की कांग्रेस की दमनकारी नीतियों,सत्ता पिपाशा व तानाशाही मानसिकता ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र के ऊपर कभी ना मिटने वाला धब्बा लगाया था। रातों रात लाखों निरअपराध लोगों को जेलों में ठूँस दिया,प्रेस की आज़ादी पर ताला लगा दिया,लोगों की अभिव्यक्ति की आज़ादी छीन ली। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया।आपातकाल के विरुद्ध लाखों लोगों ने आंदोलन किया था। देशभर में युवाओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तारियां देनी पड़ी थीं। देश आपातकाल के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले और यातनाएँ सह कर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का मुखर विरोध करने वाले लोकतंत्र के सभी प्रहरियों के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित करता है।आपातकाल के विरुद्ध उठी हर आवाज़ को मैं नमन करता हूँ।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान ने किया एवं आभार व्यक्त पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम अभिलाष तिवारी ने किया। इस दौरान समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जगदलपुर 26 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत विकास कार्यों का निर्माण पूर्ण होने की स्थिति में उस कार्य की पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द जारी करें। प्राधिकरण के सदस्यों के गठन उपरांत सरकार जल्द बैठक करेगी उससे पूर्व सभी विकास कार्यों की आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इसके साथ ही प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने पर के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को चिरायु योजना के तहत शालाप्रवेश के साथ ही स्कूलों में विजिट प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिस्मेंटल योग्य स्कूल भवन की चिन्हांकन और आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि जर्जर स्कूल भवनों को हटाने के निर्देश के उपरांत भी कार्य नहीं करवाने के लिए जनपद सीईओ, बीईओ को जिम्मेदार माना जाएगा।बैठक में इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, सांसद निधि, विधायक निधि, प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में जन शिकायत, जन चौपाल, पीजी पोर्टल और समय-सीमा की प्रकरण पर चर्चाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत ई-केवायसी की विकासखंडवार समीक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड के निर्माण, उद्यानिकी विभाग द्वारा ऑयल पॉम एडीबल ऑयल का विकास, किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन, खाद-बीज भण्डारण-वितरण की स्थिति का संज्ञान लिया।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा ने आपातकाल पर संगोष्ठी आयोजित कर मीसाबंदियों का किया सम्मान



**डोंगरगढ़ 26 जून।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय राजनांदगांव में 25 जून 2024 को आपातकाल पर संगोष्ठी रखी गई थी जिसमे प्रमुख वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा उपस्थित थे शिवरतन शर्मा के द्वारा मिशा बंदियों एवं उनके परिवार का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया 7 इस कार्यक्रम में डोंगरगढ शहर मंडल से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश सहकारी प्रकोष्ट के संयोजक शशिकांत द्विवेदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना , प्रकाश चौरडिया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकू , कुलवंत कक्कड़, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमति किरण साहू ,महामंत्री राकेश अग्रवाल , नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं कार्यकर्ता गण मौजूद हुए।

### अवैध गौण खनिज परिवहन करते 3 वाहन जब्त

**जगदलपुर 26 जून।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 22 जून एवं 25 जून 2024 को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम बजावण्ड, बेलपुटी, भानपुरी, बनियागांव, आड़ावाल क्षेत्र का औचक निरीक्षण में गौण खनिज रेत के 03 वाहन वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खनिज के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही बजावण्ड एवं बेलपुटी में रेत का अवैध भण्डारण करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही श्री डिकेश्वर खरे, श्री सीताराम नेताम, श्री लोकेश कश्यप उपस्थित थे।



### मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर उतर रही खरीः गीता घासी साहू

**राजनांदगांव 26 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की ओर अग्रसर है वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित हो रहा है। छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है। उक्त बातें राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कही। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। इससे स्पष्ट है कि बीते 10 सालों के कार्यकाल से देश की जनता प्रसन्न है। तीसरे कार्यकाल में भी मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। इसी प्रकार राज्य की विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन स्थापित हो रही है। प्रदेश में सभी वर्ग के हित के लिए कार्य हो रही हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मोदी 3.0 में भी अन्नदाताओं की आय बढ़ाए जाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार हमेशा किसानो की हितैषी रही है केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 एवं 2320 रुपए पतला धान का बढ़ाए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त भी किसानो के खाते मे जमा किया।



### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की हत्या का काला दिवसः रामविचार नेताम

**रायपुर 26 जून।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज पूरे देश में आपातकाल की विभीषिका को ÷ आपातकाल एक काला दिवस ÷ के रूप में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी 25 जून की तारीख को दशकों से काले दिवस के रूप में मनाते आई है 1975 को लगाई गई आपातकाल को आज 49 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं भाजपा आज के दिन भारतीय लोकतंत्र की हत्या का सबसे काला दिवस के रूप में मनाती आई है इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में ÷ आपातकाल एक काला दिवस ÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप के छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की जहां आज कार्यक्रम की शुरवात सर्वप्रथम सभी अतिथियों की उपस्थिति में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई उसके पश्चात आपातकाल की विभीषिका को काले दिवस के रूप के स्मरण करते हुए एक वृतचित्र चलाया गया एवं उसके पश्चात मीसा बंदियों का सम्मान शॉल , पुष्पमाला और श्रीफल भेंट करके किया गया । इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित मिसाबंदीयो और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा की आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है कब किसको कहां से उठा के जेलों में भर दिया जाएगा देश भर में लाखों लोगों को जेलों में भर दिया गया देश एक अघोषित खुली जेल बना दिया गया आपातकाल लोकतंत्र पर एक स्याह धब्बा है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चुन्नीलाल साहू ने कहा की आपातकाल सदैव लोकतंत्र के इतिहास में काला दाग रहेगा जब इंदिरा गांधी ने केंद्र में कांग्रेस सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को ना मानते हुए देश भर को खुली जेल बना दिया था।

# सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद में तेज आंधी ने मचाई भारी तबाही, पेड़ गिरने से कई मकान क्षतिग्रस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 26 जून।** सुकमा जिले के छिंदगढ़ जनपद में आंधी तूफान ने मचाई भारी तबाही पेड़ गिरने से कई मकान,हुए छतिग्रत सुकमा जिले के विकास खंड छिंदगढ़ केरातोंग पंचायत मे ग्राम महिमा ,मारिपारा में मंगलवार शाम को हुई भारी बारिश और आंधी तुफान से केरातोंग पंचायत सरपंच के घर सहित 20-25 मकानो पर वृक्ष गिरने से कई मकान के छत उड़ गए और मिट्टी के घर तक धस गए इस आपदा एक ही परिवार के दो सदस्य घायल हो गए है जिसमे एक व्यक्ति का हाथ टूट गया है जिसका इलाज सुकमा जिला अस्पताल से डिम्रपाल रेफर किया गया है अचानक आई इस तेज आंधी के कारण कई परिवार बेघर हो गए गांव में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। हालांकि,पटवारी द्वारा सर्व किया गया है लेकिन वन विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी नही पहुँचे नाही ही आपदा विभाग कोई कर्मचारी सूचना लेने नहीं पहुँचे मंगलवार शाम को तूफान के बाद से बिजली के10-12 खम्बे गिरने से बिजली नहीं है गनीमत यह रही कि खम्बे गिरने से चार साल का एक बच्चा बाल-बाल बच गया। जहां देश के कई हिस्सों में गर्मी अपना कहर बरपा रही है, वहीं ।सुकमा जिले में भारी बारिश और तूफान ने तबाही मचा रखी है और जिला प्रशासन के तरफ कोई पहल नहीं की गई सबसे बड़ी समस्या है कि चाहे बिजली विभाग हो या वन विभाग कोई भी अधिकारी या कर्मचारी देखने तक नही गए ग्रामीणों को इतने बारिस सुरु हो चुका है कई ग्रामीण घर से बे घर हो गये।



## नवीन न्याय संहिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 जून।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 01 जुलाई से लागू होने जा रही नवीन न्याय संहिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व विभाग में त्रुटि सुधार के लंबित प्रकरणों, जिले में वर्षा की स्थिति, धान-बीज का भंडारण एवं किसानों द्वारा उठाव सहित सभी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय में कार्य पर उपस्थित होने निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित हो जाएं। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान यदि कोई अनुपस्थित पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिले की रेत खदानों में 15 जून से प्रतिबंधित होने के बावजूद अवैध रूप से उत्खनन, भंडारण, परिवहन की अनेक शिकायतें मिलने की बात कहते हुए उन्होंने इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने बस्तर संभाग की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की समीक्षा करते हुए कम उपलब्धि प्रदर्शित करने वाले विभागों को मिशन मोड में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्व एवं वर्तमान में स्वीकृत प्रकरणों के आधार पर निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल को निर्देश दिए। रामलला दर्शन योजना की जानकारी देते हुए सीईओ ने बताया कि बुधवार की सुबह 06 बजे लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर से 72 वरिष्ठ नागरिक दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्हांने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत फिट पाए गए नागरिकों को बस से रवाना किया जाएगा। जिले के आकांक्षी विकासखण्ड कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल में योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी इस दौरान ली।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भाजपाइयों ने दोरनापाल में पौधे लगाकर मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 26 जून।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे एवं दोरनापाल के भाजपा पदाधिकारियों ने पौधा रोपण कर मनाया । भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा- देश और समाज के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कितना नुकसान पहुंचा सकती है, इसको हमारे कई दार्शनिक समाजसेवियों ने दशकों पहले समझ लिया था। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डॉ. मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। आज केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों में देश की बागडोर है। इसके पीछे डॉ मुखर्जी की ही नीति और सोच है।आज उनका बलिदान दिवस है। हम और आप उन्हें अपने अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।



हमें पता है कि आजादी मिलने के बाद बनी पहली केंद्र सरकार से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मतभेद देखने को मिले थे, जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने भारत के संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 जोड़कर देश की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया था। अखंड भारत के समर्थक डॉ. मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का विरोध किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के महान सपूत थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल किया। नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गए जिनमें एक डॉ. मुखर्जी भी थे। तत्पश्चात उन्होंने संसद के अन्दर 32 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उलंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के दौरान ही विषम परिस्थितियों में 23 जून, 1953 को उनका स्वर्गवास हो गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन और कार्य एक अद्वितीय उदाहरण है, जिसमें उन्होंने शिक्षा, राजनीति, और सामाजिक सुधार के विभिन्न मोर्चों पर उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित बंगाली भद्रलोक परिवार में हुआ था, जो उस समय अपनी बौद्धिकता और सांस्कृतिक योगदान के लिए विख्यात था।

## अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 63 वर्षीय महिला के हृदय का जटिल ऑपरेशन

**रायपुर. 26 जून।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में 63 वर्षीय महिला के हृदय की जटिल ऑपरेशन करके उसे नई जिंदगी दी गई। दरअसल इस महिला को छह माह से छाती में दर्द और सांस फूलने की शिकायत थी। मरीज के परिजन एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास जांच कराने के लिए लेकर आए। एंजियोग्राफी एवं इकोकार्डियोग्राफी से पता चला कि मरीज के हृदय के कोरोनरी आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज है एवं माइट्रल वाल्व एवं ट्राइकस्पिड वाल्व में लीकेज है जिसके कारण मरीज के हार्ट का पंपिंग पावर कम हो गया था। इसके लिए डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज को कोरोनरी बाईपास सर्जरी एवं वाल्व प्रत्यारोपण की सलाह दी। चूंकि मरीज मध्यप्रदेश के सतना जिले की थी इसलिए मध्यप्रदेश में ऑपरेशन की सलाह दी गई क्योंकि उनका आयुष्मान कार्ड मध्यप्रदेश का था परंतु मरीज के परिजन एवं स्वयं मरीज को छ.ग. के अम्बेडकर अस्पताल स्थित एसीआई के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टरों पर ज्यादा भरोसा था।

**एक नजर**

### रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे 40 हाइवा जब्त



**महासमुंद,26 जून।** जिला प्रशासन के निर्देश पर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में 40 हाइवा को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जप्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उमेश साहू ने बताया कि ग्राम बरबसपुर, बड़गांव और सिरपुर क्षेत्र से अवैध तरीके से उत्खनन और परिवहन करते 40 हाइवा पकड़ी गई है। बीती देर रात से जारी कार्रवाई में राजस्व और पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। 32 गाड़ियां रेत घाट पर खड़ी की गई है जबकि 2 गाड़ियों को कोतवाली में खड़ा किया गया है। परिवहन के दौरान बाकि गाड़ी रास्ते में खड़ी की गई है। मौके पर हाइवा के 9 चालकों को पूछताछ के लिए कोतवाली भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए मामले को खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने अपने निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन और भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। राजस्व अधिकारी श्री उमेश साहू ने रेत के अवैध भंडारण के निरीक्षण के लिए राजस्व निरीक्षकों के नेतृत्व में पटवारी की टीम गठित कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इस दौरान राजस्व टीम निरीक्षण के सदस्य व प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार श्री टिकेन्द्र नुरूटी, श्री मोहित अमिला, आरआई श्री मनीष श्रीवास्तव, पटवारी श्री तरुण चंद्राकर तथा पुलिस विभाग से एसडीओपी श्री यूलंडन यार्क जे, डीएसपी श्री मिलिंद पांडेय एवं लाइन टीआई श्री अजय कार्रवाई में शामिल थे।

### 28 जून तक अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन

**महासमुंद,26 जून।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में जिले के समस्त विकासखंडों में 26 जून से 28 जून 2024 तक अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक विकासखंड के लिए स्थान तिथि एवं समय का निर्धारण किया गया है।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि महासमुंद विकासखंड में 26 जून को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेजेस (स्वामी आत्मानंद) हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 27 जून को सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सेजेस सरायपाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बसना विकासखंड अंतर्गत सेजेस बसना में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 28 जून को पिथौरा विकासखंड अंतर्गत सेजेस सांकरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत सेजेस बागबाहरा में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### वाहन खड़े करने के विवाद को लेकर इंजीनियर की पत्नी बेटी के साथ मारपीट

**पत्थलगांव, 26 जून।** लोक निर्माण विभाग के इंजिनियर पारस कैथल की पत्नी एवं बेटी के साथ विभाग के ही एक अन्य अधिकारी के द्वारा मारपीट करने की घटना की शिकायत थाने मे दर्ज करायी गयी है। वाहन खड़े करने को लेकर हुए विवाद में महिला के साथ जमकर हाथा पाई की गई है। मामले में दोनों पक्ष एक ही विभाग व अलग अलग परिवार के हैं। मारपीट के बाद पीड़ित पक्ष ने थाना पहुंचकर दूसरे के खिलाफशिकायत दर्ज करवाया है। वहीं इस बात पर पत्थलगांव पुलिस जांच कर कार्रवाई की करने की बात कह रही है। आवेदिका सुशीला कैथल पति पारस लाल कैथल निवासी पी.डब्लू.डी कॉलोनी वाहन खड़ी करने को लेकर विभाग के ही आलोक मंडल जो कि संभागीय लेखाधिकारी के पद पर पदस्थ है। उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है,पीडित सुशीला कैथल ने बताया कि मंगलवार की देर शाम करीब 7.30 बजे आलोक मंडल द्वारा घर पर आकर उनके साथ जातिगत गाली गलौज करने लगा साथ ही मारपीट भी करने लगे,उस दौरान उनके पति घर मे नही थे। आवेदिका के अनुसार गाली गलौज एवं मारपीट की घटना का वीडियो भी बनाया गया है,उनका कहना था कि उनके पति की पोस्टिंग कांसाबेल रहने के कारण वे उस दौरान घर पर अपने बच्चो के साथ मौजुद थी,आलोक मंडल ने गाडी के विवाद को लेकर उनकी बेटी एवं उनके साथ मारपीट की,जिससे उनके शरीर मे चोट लगी है। बाद मे पति के घर आने पर पूरी घटना बताने के बाद थाना मे शिकायत दर्ज कराकर उचित कार्यवाही की मांग की गयी है।

### 27 जून को नगर निगम ऑडिटोरियम में होगा करियर काउंसलिंग सेमीनार व प्रतिभा सम्मान समारोह

**रायगढ़, 26 जून।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 जून को कक्षा दसवीं से 12वीं एवं कालेज में अध्ययन कर रहे बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की रूपरेखा तय करने एवं सफलता हासिल करने के तरीकों को बताने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट रायगढ़ में दोपहर 02 बजे से आयोजित किया जाएगा। करियर गाइडेंस कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा भारतीय पुलिस सेवा राज्य प्रशासनिक सेवा सैन्य सेवा चिकित्सा में प्रवेश इंजीनियरिंग पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में प्रवेश विधि सेवा शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कंप्यूटर शिक्षा के साथ अन्य विषयों में भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं एवं सफल होने के तरीकों के बारे में बच्चों एवं उनके पालकों को विशेषज्ञों द्वारा अवगत कराया जाएगा।



# स्वास्थ्य मंत्री ने किया किडनी यूनिट सुपेबेड़ा स्पेशल वार्ड का निरीक्षण

## गरियाबंद जिले के दौरे पर है स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल







तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,26 जून।** गरियाबंद में संचालित होगा किडनी यूनिट सुपेबेड़ा स्पेशल वार्ड दो स्पेशल नेफ्रोलॉजिस्ट एवं पांच डॉक्टर की पदस्थापना, साथ लेकर आये थे आदेश। बेहतर इंतजाम के लिए डॉक्टरों को दिए निर्देश।किडनी प्रभावित सुपेबेड़ा के लिए रवाना हुए मंत्री। तीन मोबाइल एम्बुलेंस को हरी झन्डी दिखा कर किया रवाना एक्सपायरी मेडिकल किट पर स्वास्थ्य मंत्री का बयान कहा शिकायत नहीं मिली पर मीडिया से मिली है जानकारी पांच की टीम कर रही है मामले की जांच कहा जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्यवाही सुपरबेड़ा के दौरे पर पहुंचे हैं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अगले बजट सत्र में गरियाबंद के लिए 200 बेड अस्पताल की घोषणा करने की बात कही।

# आपातकाल के दौर में हुए अत्याचारों को याद करने के साथ मीसाबंदियों का किया सम्मान




**महासमुंद,26 जून।** मंगलवार को जिला बीजेपी कार्यालय में 25 जून काला दिवस पर देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों ने आपातकाल के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कार्यक्रम में मीसाबंदियों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया।इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज हमारे देश के इतिहास का काला दिन है। 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लगाया था। यह समय तत्कालीन प्रधानमंत्री की मनमानियों का दौर था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए और नागरिक अधिकारों को समाप्त कर मनमानी की गई। वर्तमान में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लगातार हमारे केंद्र की सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाती है। यह आरोप लगाने से पहले उन्हें अपने पार्टी के इतिहास के बारे में पढ़ लेना चाहिए। किस प्रकार उस दौर में अत्याचार हुए। आपातकाल के समय राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया गया। यह हमारे देश की लोकतंत्र की सबसे बड़ी हत्या थी।

**यह रहे उपस्थित**

इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, महेंद्र जैन, पवन पटेल सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री साव ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**रायगढ़, 26 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने आज अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान रायगढ़ क्षेत्र के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ द्वारा भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किए। निर्माणधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव को ईई पीएचई ने बताया कि आस पास के 29 गांवो में जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करने के लिए यह ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से पानी लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा।

# ग्रामीणों को तीन माह से नही मिला चावल

■ शिकायत लेकर विधायक कार्यालय पहुंची महिलायें



**पत्थलगांव, 26 जून।** ग्राम पंचायत गोढी बी की एक दर्जन से भी अधिक महिलाओ ने विधायक कार्यालय पहुंचकर तीन माह से चावल ना मिलने की शिकायत की। महिलाओ का कहना था कि उन्हे तीन माह से चावल नही दिया जा रहा है,जबकि विक्रेता द्वारा हितग्राहीयों के फिंगरप्रिंट हर माह लेकर उनके हिस्से का चावल निकाल लिया जा रहा है,ग्रामीण महिलाओ का आरोप था कि विक्रेता उन्हे हर माह चावल ना देकर तीन से चार माह मे एक बार चावल देता है,उन्होने इस बात की शिकायत संबंधित अधिकारीयों के पास भी की थी,परंतु आज तक उस पर कोई कार्यवाही नही हो पायी। ग्राम गोढी बी की दर्जनो महिलाओ ने शिकायत पत् विधायक गोमती साय के निज सहायक गणेश साव के हाथो सौंपा,जिस पर उन्होने तत्काल विधायक का ध्यानाकर्षण कराते हुये ग्रामीणो को जल्द ही व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन दिया। दरअसल इन दिनो ब्लाक की कई पंचायतो मे चावल वितरण की शिकायत सामने आ रही है,गोढी बी मे खाद्यान ना मिलने की शिकायत लंबे समय से चल रही है,दिन मंगलवार को गोढी बी से आयी महिलाओ ने बताया कि खाद्यान वितरण मे लापरवाही का मामला मे उन्होने गावं के सरपंच एवं सचिव को भी कई बार शिकायत की है,परंतु सरपंच के अलावा पंचायत सचिव ने भी उनकी शिकायत पर ध्यान नही दिया। उन्होने पंचायत सचिव पर आरोप लगाते हुये कहा कि पंचायत सचिव माह के अधिकांश दिन पंचायत मे मौजुद नही रहता,जिसके कारण ग्रामीण अपनी समस्याओ को शासन-प्रशासन स्तर तक नही पहुंचा पाते। महिलाओ का कहना था कि सस्ता राशन का खाद्यान उन्हे कभी भी समय पर उपलब्ध नही हुआ,जिसके कारण ग्राम गोढी बी के ग्रामवासीयों के सामने हमेंशा राशन की कमी बनी रहती है। महिलाओ का कहना था कि पंचायतकर्मी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि द्वारा उनकी समस्या का समाधान ना करने के कारण उन्हे विधायक कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत सौंपनी पडी।।

# अधिकारी काम की गुणवत्ता और समय का रखें विशेष ध्यान:उप मुख्यमंत्री अरुण साव




**रायगढ़, 26 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने रायगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन विभाग के कामकाम की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सभी अधिकारी उनके दिए गए जिम्मेदारियों का स्वयं मूल्यांकन करते हुए कामों को बेहतर ढंग से पूरा करें। पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगरीय निकाय में किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ख्याल रखें। काम समय से पूरे होते हैं तो न केवल लोगों की विश्वसनीयता बढ़ती है और विभाग की छवि मजबूत होती है।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ईई पीडब्लूडी से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कार्यों का सही समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होना जरूरी है। काम में देरी से जहां काम की लागत बढ़ती है और गुणवत्ता भी प्रभावित होती है वहीं लोगों को सुविधाएं मिलने में भी विलंब होता है। इसलिए आवश्यक है कि काम समय से पूरे किए जाएं, गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी लगातार फिल्ड पर निरीक्षण करें। कही समस्या आने पर उच्च अधिकारियों से सहयोग लें। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इसके पश्चात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। सबसे पहले जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन के कार्यों की पूर्णता के लिए कार्य वर्गीकरण किया गया है। इसमें स्थल विवाद, जल स्त्रोत परीक्षण और बिजली की उपलब्धता शामिल हैं। तीनों कार्यों का पंचायत के माध्यम से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत टंकियों के निर्माण से लेकर पानी की शुद्धता और उसकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए तय गुणवत्ता के साथ कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाले नवंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। योजना के तहत प्रत्येक घरों तक शुद्ध पानी की पर्याप्त आपूर्ति होनी है। यह प्रोजेक्ट न हो करके एक मिशन है, जो एक निश्चित समय-सीमा में पूरा किया जाना है। इसलिए जल जीवन मिशन के सभी कार्य मिशन मोड पर होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी ब्लाक के एसडीओ, सब इंजीनियर्स को लक्ष्य तय कर हैंडओवर सर्टिफिकेशन के लिए कार्य करने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने पीएचई में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण करने अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर इंजीनियर्स की जल्द ही पदस्थापना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैनपावर बढ़ाये जाने की दिशा में काम कर रहे है। इसके लिए शासन द्वारा सब इंजीनियर्स की भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा की। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी से निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निगम कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बताया कि बरसात के समय शहर के निचले हिस्से में जल भराव की समस्या रहती है। इसलिए चिन्हांकित शहर के बड़े नालों की सफाई पोकलेन लगाकर की गई है। इसी तरह पानी निकासी की समस्या न हो इसलिए गैंग लगाकर शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई बरसात पूर्व कराई गई है। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद से 27 कार्य प्रगति पर है। इसी तरह राज्य परिवर्तित योजनाओं के कार्य भी अपेक्षाकृत प्रगति पर है। इस दौरान उन्होंने जलजनित रोग के नियंत्रण के लिए निगम के बोर, हैण्डपंप के क्लोरिनेशन के साथ डब्ल्यूटीपी के पानी की आउटलेट, टंकी और घरों के आने वाले पानी की त्रिस्तरीय सैम्पलिंग लेकर जांच की जा रही है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और निगम की टीम द्वारा जल जनित और डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि के लिए डोर-टू-डोर जाकर जनजागरूकता लाने संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। निगम कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बताया कि यूआईडीएफ योजना के अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग, डोर-टू-डोर सिवर कनेक्शन, मल्टी स्पोर्टस काम्प्लेक्स, केलो रिवर फ्रंट सहित शहर के विभिन्न सड़कों के अपग्रेडेशन के लिए करीब 127 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें आने वाले पांच सालों में शहर विकास के लिए कायाकल्प का कार्य होगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के सभी सीएमओ को बिजली, पानी, सफाई, सड़क आदि के कार्यों के कार्यों को शासन के निर्देशानुसार तय कार्ययोजना के अनुसार करने को कहा। उन्होंने नगर निगम और निकाय में भविष्य के पांच सालों को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक



**बीजापुर,26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी विभागों की साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शाला प्रवेश उत्सव, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान, वार्ड परिसीमन, नियद नेल्लानार योजना के तहत कार्र्यो के प्रगति की जानकारी ली। आगामी विधानसभा के मद्देनजर अधिकारियों को मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिए।26 जून से नए शिक्षा सत्र 2024 की शुरूआत होने वाली है। सभी स्कूलों में बड़े ही उमंग और उत्साह से ÷शाला प्रवेश उत्सव÷ का आयोजन करने कलेक्टर ने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कहा कि बीजापुर के बदलाव की पहली गुंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके में गुंजने वाली है। सभी स्कूलों में घंटी बजनी चाहिए साथ ही मिनू चार्ट भी स्कूल में लगी हो, सभी अधिकारियों को शाला प्रवेश उत्सव के लिए स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ उत्सव मनाने का निर्देश दिए।कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कुपोषण की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ियों में पौष्टिक भोजन बच्चों को उपलब्ध कराने के साथ पोषण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर, कर्मचारी, मैडिकल स्टॉफ को नियमित उपस्थिति के साथ रात के समय में भी उपस्थित रहने का निर्देश दिए। मलेरिया मुक्त अभियान के लिए सुदूर इलाकों में मितानिनों द्वारा शिविर निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मानसून को देखते हुए कलेक्टर ने गड्ढे और नालों की सफाई करने एवं दवाई छिड़काव करने का निर्देश दिए।बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के मुख्य आय का स्त्रोत तेन्दूपत्ता होता है। 27 जून को बीजापुर जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान किया जायेगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राशि वितरण शिविर कार्यक्रमों में अधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर पारदर्शिता के साथ नगद भुगतान करने की बात कही। नियद नेल्लानार योजना के तहत बीजापुर जिले में हो रहे विकास कार्यों में प्रगति लाने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होने आधार कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, लर्निंग लाइसेंस, पीएम विश्वकर्मा, उज्जवला, महतारी वंदन योजना जैसे विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर, हितग्राहियों तक ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने तिमेड़ और भद्रकाली संगम में घाट बनाने की बात कही जिससे ग्रामिणों को सुविधा हो, लोगों को बैठने के लिए व्यवस्थित जगह मिल सके। शीघ्र इन्द्रावती में आरती का आयोजन भी किया जावेगा।

# नियद नेल्लानार और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से फैलेगा शिक्षा का उजियारा



**बीजापुर,26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 20 सालों से शिक्षा के प्रकाश से वंचित मुदवेंडी गांव में नए शिक्षा सत्र में स्कूल की घंटी बजनी शुरु हो जाएगी। सड़क और सुरक्षा के विस्तार के बाद जिला प्रशासन के प्रयासों से अब मुदवेंडी के बच्चों को शिक्षा के अधिकार का लाभ मिलेगा और अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति मिलेगी। नियद नेल्लानार के जरिये विकास की पहूँच और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर अब माओवाद प्रभावित इलाकों में दिखने लगा है। 20 सालों से अशिक्षा का दंश झेल रहे मुदवेंडी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों से और जिला प्रशासन के प्रयासों से सुनहरे भविष्य की किरणे दिखने लगी है और अब यहाँ के नौनिहाल क ख ग घ की तालीम से वंचित नही रहेंगे।बदलाव की यह शुरुआत स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के घर-घर दस्तक अभियान से संभव हुआ जब जिला प्रशासन की टीम शालात्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंची। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वास्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। विश्वास बहाली के मुहीम के बीच अब माओवाद प्रभावित इलाकों का माहौल तेजी से बदलता दिख रहा है। ग्रामीण स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे है ताकि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। यहाँ जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गाँव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रहा है ।अब यहाँ के हालात बदलने की कवायद शुरु हो रही है और इसकी बदलाव की पहली गूंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके मे गुंजने वाली है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय पूर्व मुदवेंडी में नक्सली की क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई थी अब वही गांव नियद नेल्लानार से फिर से आबाद हो रहा है तथा बुनियादि सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा का उजियारा गांव को रोशन करने में कारगर हो रहा है।स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम से 24 बंद और 32 नये स्कूल की होगी शुरूआत- जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है। कलेक्टर की पाती गांव-गांव में सकारात्मक साबित हो रही है जिनका नतीजा यह है कि नये शिक्षा सत्र में 24 बंद स्कूल और 32 नये स्कूल खोले जा रहे हैं। डुमरीपालनार, तोड़का, सावनार, कोरचोली, कावड़गांव जैसे गांव में 20 साल बाद स्कूल खुल रहे हैं।

### विकासखंड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**महासमुंद,26 जून।** विकासखंड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को मिनी स्टेडियम में हुआ। जिसमें प्रथम पाली में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता कराया गया। इस प्रतियोगिता में रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल, गुड शेफर्ड स्कूल व वेडनर स्कूल की अंडर 17 वर्ष की टीम ने भाग लिया।विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पहला मैच रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल विरुद्ध गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल ने गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला वेडनर स्कूल विरुद्ध रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें वेडनर स्कूल महासमुंद ने विकासखंड प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव हासिल किया। तत्पश्चात द्वितीय पाली में जिला स्तरीय मुकाबला खेला गया जिसमें पिथौरा विकासखंड की टीम और महासमुंद विकासखंड की टीम वेडनर स्कूल के मध्य मुकाबला हुआ, जो बहुत ही रोमांचक रहा मैच का परिणाम टाई रहा। तत्पश्चात एक्स्ट्रा टाइम दिया गया, उसमें भी परिणाम टाई रहा।

तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट दिया गया। फिर भी परिणाम टाई रहा। फिर गोल्डन सूट दिया गया, उसमें वेडनर स्कूल महासमुंद की टीम विजेता बनी।आगामी 27 तारीख को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। मैच का प्रारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं क्रीडा सेक्शन अधिकारी हिना ढालेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक नीलमणि चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मैच को संपन्न कराने में गणेश कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, छन्नू लाल साहू, सुशील कुमार, रनवी कौनेन अहमद, मीत कुमार, सलिल चौधरी, पिथौरा विकासखंड से आए व्यायाम शिक्षक राजेश कुमार साहू, नारायण गभेल, मकरध्वज पटेल का विशेष योगदान रहा।

# भखारा में संत कबीर जयंती पर सम्यक प्रबोधन सम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 26 जून।** राष्ट्रीय एकता एवं साम्प्रदायिक सदभाव के प्रतीक संत, कवि, सदगुरू कबीर साहेब की 626 वीं जयंती के अवसर पर 23 जून को गोंडवाना भवन धमतरी में भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वज्ञान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के प्रसिद्ध समाज विज्ञानी विनोद कुमार कोशले तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार भागेश्वर पात्र (नारायणपुर), लेखक डॉ. जगनाथ बघेल (बस्तर), शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू (बलौदा बाजार) एवं भावसिंह डहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी उपस्थित थे। अकादमी महासंरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा प्रांताध्यक्ष. आर. बंजारे ज्वाला ने संचालन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर की तस्वीर में माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात देव प्रसाद पात्रे, शैलेष कुमार विद्रोही के व्दारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। दुर्गुकोंदल के प्रसिद्ध लोक कलाकार बलदेव राम दरों ने शहनाई वादन प्रस्तुत किया। प्रो.के. मुरारीदास (बालोद) ने सम्यक प्रबोधन में संत कबीर, वीरांगना दुर्गावती, राष्ट्रवीर भामाशाह, संत गुरू घासीदास, शहीद बिरसा मुण्डा, बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले, बंकिम चंद्र चटोपाध्याय, मौलवी मोहम्मद बाकिर, छत्रपति शाहूजी आदि महापुरूषों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर साहित्यिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजेश कुमार दिवाकर, सूर्यकांत गोयल, नीतू नाग, सेवक राम गंगबेर, दलपत सिंह देहारी, बिन्देश पात्र, जयपाल बघेल, मिश्रीलाल साहू, दिलीप कुमार यादव, जगदीश प्रसाद पटेल, सोमारू राम नाग, डॉ. मदन कुर्रे, डॉ. डी. एस. महिपाल, देव प्रसाद पात्रे, ललित कुमार दुग्गा, खोरबाहरा कावड़े, मोहन कोवाची, मुकेश कुमार कोमरा, मोहन लाल कैवर्त, शैलेष कुमार विद्रोही, बालूराम यादव, विनोद कुमार कोशले, बलदेव राम दरों, पंचुराम मरकाम, चेतन कुमार दुग्गा, सत्यवान यादव, योगेश्वर कुमार साहू, त्रिलोचन उइके, प्रदीप कुमार कोमरा का सम्मान किया गया। सम्मेलन में प्रेम सायमन, कृष्णा यादव, दूजराम कौशिक, मुन्ना गुप्ता, तिलक सोनकर, आकाश आहूजा, प्रेमलाल कुर्रे, खिलावन बारले, खेमचंद देशलहरे, नालेश कुमार कुरे, रूपेन्द्र कुमार बघेल, गीता कुर्रे, रेखा नाग आदि प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## समाचार संक्षेप

### दुर्ग एवं हटिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की मांग

**भाटापारा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ अंचल के रेल यात्रियों को झारखंड से सीधे जोड़ने लंबे समय से स्पेशल ट्रेन के रूप में सप्ताह में 2 दिन चलने वाली दुर्ग हटिया स्पेशल ट्रेन को आगामी रेलवे की नवीन समय सारणी से नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की मांग रेल यात्रियों ने की है। विदित हो कि रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग - हटिया-दुर्ग के मध्य लंबे समय से स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।इस स्पेशल ट्रेन से छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को बहुत फायदा हो रहा है, चुकी स्पेशल ट्रेन होने से इस ट्रेन का किराया अन्य ट्रेनों को तुलना में कुछ ज्यादा होता है, इस कारण इस ट्रेन से बिहार झारखंड जाने वाले यात्रियों सहित व्यापार के सिलसिले में रांची जाने वाले व्यापारियों ने ट्रेन नंबर 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित ट्रेन के रूप में चलाने की पुरजोर मांग की है।यात्रियों का मानना है कि इस ट्रेन का समय सारणी अच्छी है, और इस ट्रेन में हमेशा यात्रियों की अच्छी संख्या रहती है, इस ट्रेन के नियमित होने से यह ट्रेन आल इंडिया रेलवे टाइम टेबल में भी आ जाएगी, जिससे रेल्वे को अतिरिक्त यात्री गण और आमदनी में ज्यादा होगी। वैसे इस स्पेशल दुर्ग हटिया ट्रेन का परिचालन को रेलवे ने आगे बढ़ाते हुए 27 दिसम्बर, 2024 तक कर दिया है।



### ट्रेन चालक और उनके परिजन कार्यशाला में हुए शामिल



**भाटापारा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए रायपुर रेल मंडल में रनिंग स्टाफरेल कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें सुरक्षा संबंधी पहलुओं से अवगत कराया गया। भाटापारा स्टेशन की संयुक्त लॉबी में हुए इस कार्यक्रम में ट्रेन चालकों एवं ट्रेन मैनेजर के परिजन भी शामिल हुए। कार्यशाला में उन्हें बताया गया कि घर में माहौल अच्छा रखें ताकि ट्रेन चालक अच्छी नींद ले सके। मानसिक तनाव में नहीं रहना चाहिए। उन्हें रेल दुर्घटनाओं की सामान्य वजह की जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय व बेहतर घरेलू माहौल रखने की जानकारी दी गई। इस दौरान लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के परिजनों से सुझाव भी लिए गए। इस कार्यशाला में सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर, परिचालन भिलाई राजीव कुमार सोनी, मुख्य चालक नियंत्रक सतीश कुमार देवांगन, मुख्य लोको निरीक्षक एस एल सोनी सहित अन्य लोको निरीक्षक, मुख्य स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार एवं डी टी आई मुकेश कुमार उपस्थित थे।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

**सिमगा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिमगा पुलिस द्वारा शिवनाथ नदी पुल के पास बेमेतरा रोड सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु ले जा रहे 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया आरोपी से 3410 कीमत मूल्य का 31 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब को जप्त किया गया। थाना सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है, इसी क्रम में आज दिनांक 25/06/2024 को थाना सिमगा से प्रआर ओंकार सिंह राजपूत तथा आरक्षक 547, 419 की पुलिस टीम द्वारा शिवनाथ नदी पुल के पास बेमेतरा रोड सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु ले जा रहे शराब कोचिया राजेश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कीमती ?3410 मूल्य का 31 पौवा देशी मदिरा मसाला जुमला 5.580 बल्क लीटर शराब को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 199/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजने की तैयारी की जा रही है।



## एक नजर

### लोहरसी में मनाया गया रानी दुर्गावती बलिदान दिवस



**भखारा, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम लोहरसी के आदिवासी गोड़ समाज ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गांव में बाजा गाजा के साथ कलश यात्रा निकालकर कर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्राम लोहरसी के गोड़ समाज के अध्यक्ष नरेश उइक, उपाध्यक्ष डिगेश्वर सलाम, मिलेन्द नेताम, मोहन मरकाम, महिला अध्यक्ष सविता नेताम, सरपंच मोनिका नेताम, मुकेश नेताम, पूर्व अध्यक्ष निरंजन नेताम, पूर्व सचिव रुपेश सलाम, दीपक उइके, लक्ष्मण कतलाम, हरि नेताम, रवि नेताम, प्रतिभा सलाम, हिरमिशी सलाम, गंगा नेताम, गीता नेताम, कविता नेताम सहित समाज जन उपस्थित रहे।

### सरकारी शराब दुकान में मिलावटी शराब का गोरखधंधा




**कसडोल, 26 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिले के अन्तर्गत नगर पंचायत टुण्ड्रा के शराब दुकान में 19 जून 2024 को शराब दुकान का प्रभारी उपनिरीक्षक द्वारा अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा देसी मदिरा प्लेन में पानी की मिलावट करते हुए मौके पर पकड़ा गया। इस कार्य में जिन कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई उनमें चंद्रशेखर कश्यप सुपरवाइजर, दीपक कुमार साहू सेल्समेन, मुकेश देवांगन सेल्समेन, सतीश साहू की मिली भगत से यह खेल विगत कई महीनों से चल रहा था। इसकी शिकायत पिछले कई दिनों से आबकारी अधिकारी को प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद जिला आबकारी अधिकारी एल .के. गायकवाड़ के निर्देशन में इनके ऊपर ध्रुव 2(घ ) के साथ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 38 (क) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। इन सभी के ऊपर अपराध दर्ज कर लिया गया। इसके अलावा इन कर्मचारियों को ब्लेक लिस्ट कर कार्य से हटाने के लिए उच्चाधिकारी द्वारा पत्र लिखा गया है।

# भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

## पंडित मालू राम शर्मा व शत्रुहन प्रसाद वर्मा का शाल व श्रीफल से किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 26 जून।** रायपुर जिला के मीसा बंदी पंडित मालू राम शर्मा और बिलासपुर जिले के शत्रुहन प्रसाद वर्मा को शाल और श्रीफ्ल देकर अतिथियों ने सम्मान किया

भाजपा ने मंगलवार को दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में देश में आपातकाल लगाए जाने की याद में काला दिवस मनाया। पूज्य सिंधी पंचायत भवन में केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, धरशिवा विधायक अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, की उपस्थिति में भाजपा नेजिला स्तरीय आपात काल का काला दिवस मनाया।

केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा की भारत के इतिहास में लोकतंत्र की हत्या का दिन गिना जाता है। कहा कि कांग्रेस सरकार ने 25 जून की रात को केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी और संविधान का गला घोट दिया। आपातकालीन लगाने के बाद राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और अन्य को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि देश को बदनाम करने के लिए कांग्रेस साजिश कर रही है और संविधान सहित कई संस्थाओं को भी अपनी राजनीति का शिकार बना रही है।

अनुज शर्मा /विधायक धरशिवा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा हैकि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक ही परिवार को सत्ता सुख देने के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे।आपातकाल के खिलाफसंसद से सडक़ तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को आज नमन करने का दिन है।

भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस दिन एक परिवार के लालच एवम् अहंकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। रातों-रात पूरा देश जेल में तब्दील कर दिया गया। मीडिया को दबोच लिया गया। देश के महापुरुषों एवं राष्ट्रभक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया।लोकतंत्र की नृशंस हत्या कर दी गयी। कहा कि प्रेस, अदालतें, भाषण सब पर पाबंदी लगा दी गयी।गरीबों और दलितों पर अत्याचार किये गए।

उन्होंने कहा आपातकाल के संघर्ष और यातनाओं को सहन करने वालों के साथ देश हमेशा खड़ा है।कहा, करोड़ो देशवासियों पर अत्याचार करने वाली कांग्रेस को भी देश की जनता कभी नहीं भूलेगी।

कार्यक्रम में श्याम नारंग, नरेन्द्र शर्मा, खरोरा से अनिल सोनी, नरेंद्र ठाकुर राम पंजवानी, राजेश सेतपाल, नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, सौरभ जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पार्षदगण, शहर एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष,एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, भाजयुमो कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रहे।

# जिला धमतरी के स्काउट्स एवं गाइड्स पचमढ़ी रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 26 जून।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश,टी आर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त धमतरी के आदेशानुसार व डी के साहू जिला सचिव के मार्गदर्शन में 26 जून से 30 जून 2024 तक 05 दिवसीय आपदा प्रबंधन,पर्वतारोहण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर पचमढ़ी (म. प्र.) में भाग लेने हेतु जिला धमतरी के चारो विकासखंड से 13 स्काउट्स ,14 गाइड्स, 2 रोवर, 7 रेंजर एवं 4 प्रभारी कुल 40 प्रतिभागी रवाना हुएद्य

डी के साहू जिला सचिव ने बताया की जिला के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पढ़ने वाले स्काउट्स - गाइड्स, रोवर एवं रेंजर्स शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। समस्त प्रतिभागी 05 दिनों में पर्वतारोहण,पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं आपदा प्रबंधन के स्किल्स सीखेंगे। इसके अलावा हॉर्स राइडिंग, स्काई साइकिलिंग, रोप क्लाइम्बिंग, शूटिंग,जिप लाइन इत्यादि एडवेंचर एक्टिविटी से भी रूबरू होंगे।

यह टीम चोवालाल धीवर, ऐश कुमार साहू , दीपमाला साहू एवं उर्मिला ध्रुव के नेतृत्व में दिनांक 25-06-2024 को रात्रि 7.00 बजे अमरकंटक एक्स्प्रेस से रवाना हुई। जो कि पिपरिया स्टेशन पहुँच कर पचमढ़ी को जायेंगे।

बच्चों के शिविर की सफलता के लिए टी आर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त, आलोक जाधव जिला मुख्य आयुक्त, विनोद पांडे जिलाध्यक्ष, संजय जैन, नीरज राणसिंह, गणेश साहू, वनिता मगर, नम्रता पाठक उपाध्यक्ष, डी के साहू जिला सचिव, हनुमान वर्मा कोषाध्यक्ष, टिकेश्वर पांडे सह सचिव, रजनी जगताप संयुक्त सचिव ,जीवन लाल साहू, शशि बंछोर डीटीसी, रविंद्र नाथ मिश्र, अमित तिवारी, मनीष ध्रुव, के आर साहू सहायक जिला आयुक्त, योगेश्वर साहू, भरत लाल साहू वरिष्ठ सलाहकार, मनीष साहू, राजेश पांडे, श्रवण साहू, नेमलाल गंगेले डीओसी, मंजूषा साहू ,शीला साहू , मानसिंह कपूर, दूधेश्वर साहू, मोहित बनपेला, राजेश तिवारी, हीरेंद्र साहू, नीलकमल, होमेश्वर साहू सभी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ग्रामीणों को दिलाई गई 'कैच द रैन 2024' की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 26 जून।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशीव, जनपद पंचायत तिल्दा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश टंडन द्वारा ग्रामीण जनों को कैच द रैन 2024 की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलो को प्रभारी नियुक्त किये गये है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में, ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में जल सुरक्षा की जागरूकता हेतु शपथ ली गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल की महत्वतता के संबंध में अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग करने के संबंध में जागरूकता फेलाने तथा जल को सरंक्षित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास जिला पशासन द्वारा किया जा रहा है।

# जल जारूकता रैली निकाली गई

**तिल्दा-नेवरा,, 26 जून।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के दूसरे दिन आज जनपद पंचायत तिल्दा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलो को प्रभारी नियुक्त किये गये है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज दूसरे दिन तिल्दा जनपद अंतर्गत महिलाओं द्वारा रैली के अतिरिक्त बैनर और दीवार लेखन से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल के महत्व के संबंध में अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग करने के संबंध में जागरूकता फेलाने तथा जल को सरंक्षित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास जिला पशासन द्वारा किया जा रहा है।




## कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)
### जिला बाल संरक्षण इकाई, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)
Email Id: icpsjagdalpur@gmail.com,
Phone No : 07782-222827-222680

क्रमांक/एफ-194/135/मबावि/मि.वा./लेखा/2024-25 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2024

**//अभिरूचि का प्रस्ताव सूचना//**

कार्यालय, कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग, जगदलपुर द्वारा संचालित समस्त शासकीय बाल देखरेख संस्थाएं अधीक्षक, बाल गृह (बालक/बालिका), सम्प्रेक्षण गृह (बालक/बालिका), विशेष गृह (बालक/बालिका), प्लेस ऑफ सेफ्टी (बालक), सखी वन स्टॉप सेंटर, जगदलपुर हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए खाद्यान्न/राशन, अन्य किराना सामग्री, फल, दूध, सब्जी, अण्डा, वस्त्र एवं अन्य सामग्रियों की आवश्यकता है। संबंधित विक्रेताओं/प्रदायकर्ताओं से अभिरूची का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

इच्छुक प्रदायकर्ता दिनांक 17/07/24 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अभिरूचि का प्रस्ताव सील बन्द लिफाफे में कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, नयापारा, जगदलपुर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग नयापारा, जगदलपुर, जिला-बस्तर के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जगदलपुर, जिला-बस्तर

जी-242500564/5



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
### (संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024-25/218 रिसाली, दिनांक 24/6/2024

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, रिसाली के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति | जमा राशि का विव. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिनाकी शंकर पानी आ. श्री अनिल कृष्ण पानी पता-म.नं.-11/5, इस्पात नगर रिसाली पो.- रिसाली सेक्टर भिलाई तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती कविता कुर्रे पति-श्री भुनेश्वर कुर्रे पता-म.नं. 498/2/4 शीतला तालाब के पास, फेस 3, व्ही.आई.पी. नगर रिसाली पो.- रिसाली सेक्टर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | इस्पात नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.न.-1036/13 कुल रकबा-1141 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल-भूतल-1141 व.फी. आवासीय निर्मित है। | 1520.00 रा.क्र. 216/55 दिनांक 21.06.24 |
| 2 | श्री सुदर्शन उपाध्याय पिता-स्व. आयोध्या नाथ उपाध्याय पता-स्ट्रीट न.-03 हिन्द नगर रिसाली भिलाई तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री दीनु देवांगन पिता-श्री कैलाश देवांगन पता-एम.आई.जी. 01/498 हुडको भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | हिन्द नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22, ख.नं.-939/19 कुल रकबा-1860 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल-भूतल-1200 व.फी. एवं प्रथमतल-1200 व.फी. आवासीय निर्मित है। | 1520.00 रा.क्र. 216/41 दिनांक 18.06.24 |
| 3 | भारतीय स्टेट बैंक तनाव ग्रस्त आस्तिवसूली शाखा रायपुर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता शाखा रायपुर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री वीरेन्द्र सिंह तोमर पिता-श्री रघुराज सिंह तोमर पता-म.न.-45 गीत गणेश विला, अयोध्या बायपास रोड भोपाल तह. व जिला-भोपाल (म.प्र.) | श्री निश्चय बाजपेयी पिता-श्री अशोक कुमार बाजपेयी पता-म.न.बी-22 सेक्टर-01, शंकर नगर रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) | बिक्रीनामा | 1. आजाद मार्केट रिसाली 'न्यू पलाश टावर्स' प.ह.न.-19/22 ख.नं.-44/5 कुल रकबा-528.17 व.फी. है। फ्लैट न.-03 ग्राउण्ड फ्लोर ब्लॉक-ए निर्मित क्षेत्रफल-528.17 व.फी. आवासीय है। | 1520.00 रा.क्र. 216/42 दिनांक 18.06.24 |
| 4 | भारतीय स्टेट बैंक तनावग्रस्त आस्तिवसूली शाखा रायपुर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता शाखा रायपुर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री वीरेन्द्र सिंह तोमर पिता-श्री रघुराज सिंह तोमर पता-म.न.-45 गीत गणेश विला, अयोध्या बायपास रोड भोपाल तह. व जिला-भोपाल (म.प्र.) | श्री निश्चय बाजपेयी पिता-श्री अशोक कुमार बाजपेयी पता-म.न.बी-22 सेक्टर-01, शंकर नगर रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) | बिक्रीनामा | आजाद मार्केट रिसाली 'न्यू पलाश टावर्स' प.ह.न.-19/22 ख.नं.-44/5 कुल रकबा-528.17 व.फी. है। फ्लैट न.-04 ग्राउण्ड फ्लोर ब्लॉक-ए निर्मित क्षेत्रफल-528.17 व.फी. आवासीय है। | 1520.00 रा.क्र. 216/43 दिनांक 18.06.24 |

संपत्तिकर अधिकारी
नगर पालिक निगम
रिसाली

## एक नजर

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने दिया सहभागिता सम्मान

**रायपुर 26 जून।** गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सम्मिलित चंद्रयान - 3 विश्व कीर्तिमान



पुस्तक जिसमें विश्व के 123 साहित्यकारों ने अपनी, सहभागिता दी हैं। पुस्तक का संपादन श्रीमती उर्मिला देवी उर्मी तथा डॉक्टर आशा आजाद कृति हैं। इन साहित्यकारों में एक नाम श्रीमती ए. मीनाक्षी राव की कविता चन्द्रमा को धरती का उपहार.. को सम्मिलित किया गया। श्रीमती ए. मीनाक्षी राव, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा विभाग में ज्येष्ठ संपरीक्षक के पद पर हैं। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि डॉक्टर उदयभान सिंह चौहान, डॉक्टर स्नेहलता पाठक, डॉक्टर सुशील त्रिवेदी , डॉक्टर शकुंतला तरार तथा डॉक्टर सोनल राजेश शर्मा थीं।

### महिलाओं को स्वास्थ्य के साथ वित्तीय सुरक्षा

**रायपुर 26 जून।** बीते कुछ समय में देखने में आया है कि देश में कामकाजी महिलाओं की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में, उन्हें खुद को और अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए जीवन बीमा की काफी जरुरत होती है। उनकी इस जरुरत को पूरा करते हुए, सही ग्राहक को सही उत्पाद के दृष्टिकोण के साथ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, आईप्रोटेक्ट स्मार्ट के लिए सभी प्रीमियम्स पर महिलाओं को 15% की आजीवन छूट दे रहा है। साथ ही, कामकाजी महिलाओं को पहले साल के प्रीमियम पर अतिरिक्त 15% छूट दे रहा है।

एक अनुमान के अनुसार, 50 साल से कम आयु वर्ग के लोगों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी तेजी से बढ़ रही है, जिसमें महिलाओं का अनुपात अधिक है। खासकर स्तन, ओवेरियन और गर्भाशय कैंसर के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना जरुरी है। महिलाओं के स्वास्थ और वित्तीय सुरक्षा पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, श्री अमित पल्टा का कहना है कि,महिलाएँ हमारे परिवार का आधार हैं इसलिए इनके स्वस्थ और वित्तीय सुरक्षा खास ध्यान देना जरुरी है।

### विधायक पुरंदर ने जताया पीएम मोदी का आभार

**रायपुर, 26 जून।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी और उनके जीवन का एक नया अध्याय आरंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह पहल जनकल्याण की भावना से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। एमएसपी में इस वृद्धि से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अन्नदाताओं को दी गई पहली गारंटी पूर्ण होगी और देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विधायक पुरन्दर मिश्रा ने एमएसपी में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना और किसानों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### पीएम मोदी से मुलाकात कर राजधानी लौटे मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 26 जून।** मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कैसे काम कर रही है और हम नक्सलियों के खिलाफ कैसे लड़ रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर वे कहते हैं, आजादी के बाद से लोकसभा अध्यक्ष के लिए कभी चुनाव नहीं हुआ। इस बार विपक्ष ने इस परंपरा को तोड़ने का काम किया है। छत्तीसगढ़ विजन 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर सीएम साय ने कहा कि आजादी के बाद से लोकसभा अध्यक्ष के लिए कभी चुनाव नहीं हुआ। इस बार विपक्ष ने इस परंपरा को तोड़ने का काम किया है।

### जल संरक्षण के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**रायपुर, 26 जून ।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के दूसरे दिन जनपद पंचायत तिल्दा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलों को प्रभारी नियुक्त किये किए है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज दूसरे दिन तिल्दा जनपद अंतर्गत महिलाओं द्वारा रैली के अतिरिक्त बैनर और दीवार लेखन से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई।

# स्कूलों में आज से पढ़ाई शुरू मिठाई खिलाकर स्वागत

**रायपुर 26 जून।** छत्तीसगढ़ में आज 26 जून से सभी स्कूल पुनः खुल रहे हैं। राज्य सरकार ने भीषण गर्मी के कारण स्कूलों की गर्मी की छुट्टियों को 25 जून तक बढ़ा दिया था। छात्र और शिक्षक अब स्कूलों में नियमित कक्षाएं फिर से शुरू करेंगे। राज्य शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रबंधन से सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सभी स्कूलों को पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करने और कक्षाओं को ठंडा रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। स्कूलों के खुलने के साथ ही, राज्य के विभिन्न जिलों में शिक्षा का नियमित क्रम फिर से बहाल हो जाएगा। सरकार ने सभी छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और उन्हें स्कूल के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ के अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार का और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी, जो पहली बार अक्षर ज्ञान करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शिक्षकों भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी नई पीढ़ी को आपको सौंप रहा है। आप इन्हें शिक्षा प्रदान कर, संस्कारित कर, विकसित छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करें।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में गड़बड़ी दोषियों पर कार्रवाई हो: बघेल

**रायपुर 26 जून।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 जिला धमतरी केंद्र क्रमांक 1520 महर्षि वेदव्यास शास.महा. भखरा में हुई गड़बड़ी की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा का अवसर देने की मांग किया हूं।

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 परीक्षा केंद्र महर्षि वेदव्यास शास.महा.भखारा धमतरी के परीक्षार्थी गणों को 1.30 घंटा विलंब से ओएमआर शीट दिया गया और उन्हें अतिरिक्त समय भी नहीं दिया गया है जिसके कारण परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट पूर्ण हल करने का समय नहीं मिला। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के संख्या के अनुसार ओएमआर शीट क्यों उपलब्ध नहीं कराया गया था? इसकी जांच की जाए? दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाये एवं परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर दिया जाये।

जबकि परीक्षा केंद्र प्रभारी द्वारा नियंत्रक छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा, मण्डल, नया रायपुर को दूरभाष एवं पत्र क्रमांक 149 दिनांक 23.06.2024 द्वारा सूचित किया गया है, जिसमें उल्लेखित है परीक्षा केंद्र में 400 परीक्षार्थी आवंटित होने के विरूद्ध 420 प्रश्न पत्र एवं मात्र 160 ओएमआर शीट प्राप्त होने की जानकारी है। परीक्षा केंद्र के प्रभारी द्वारा नियंत्रक को वस्तुस्थिति की जानकारी देकर मार्गदर्शन मांगा गया। परंतु परीक्षा नियंत्रक के द्वारा अतिरिक्त समय नहीं देने का निर्देश दिया गया है।

ओएमआर शीट नहीं मिलने के कारण से परीक्षार्थियों को विलंब हुआ और छात्रों की मांग है हमको अतिरिक्त समय दिया जाए और ये भी बताया गया कि वहाँ जो परीक्षा नियंत्रक है मुख्य नियंत्रक से बात की और नियंत्रक ने अतिरिक्त समय देने से मना कर दिया। 400 जो बच्चे हैं जो शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 में प्रतिभागी बने थे और उनके साथ ये अन्याय हुआ है, धोखा हुआ है। मैं ये नहीं कहता की इनको भी झज्जर की तरह इसको बोनस अंक दिया जाए बल्कि इन बच्चों की फिर से परीक्षा ली जाए। क्योंकि उनको डेढ़ घंटा ही समय मिल पाया था। दूसरी बात यह है कि आखिर जब 400 छात्र वहाँ थे तो 160 ओएमआर शीट कैसे पहुंचा? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जाए? पूरे देश में जिस प्रकार से छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है और स्टेट गवर्नमेंट के द्वारा आयोजित परीक्षा है, उसमें भी हमारे धमतरी जिले के भखारा केंद्र में हमारे परीक्षार्थियों के साथ अन्याय हुआ है। इसमें भी कार्यवाही के लिये मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखा हूं। सरकार तत्काल कार्यवाही करें। तत्काल निर्णय भी ले। 400 परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। इनको पुनः परीक्षा का मौका मिलना चाहिए है।

केंद्र की भाजपा सरकार में पिछले 10 साल से अघोषित आपातकाल है। ईडी की कार्यवाही 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के यहां हुआ है। मीडिया के लोगों के यहां भी कार्यवाही की गई है। किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाये बहुत सारे किसान शहीद हो गये। कांग्रेस के बैंक खाता सीज किया गया है।

# राशन कार्ड में फोटो लगवाने के नाम पर गरीबों से मजाक

**रायपुर 26 जून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राशन कार्ड में अपनी फोटो लगाने के लिए गरीबों को लाईन में लगा रहे हैं पहले नवीनीकरण के नाम से सबको परेशान किया गया लाईन में लगाया गया और अब राशन कार्ड वितरण के लिए लाइन में लगाया जा रहा है दफ्तरों के चक्कर लगवाया जा रहा हैं गरीब हताश और परेशान है भाजपा की सरकार गरीबों के साथ भद्दा मजाक भाजपा की सरकार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में 75 लाख से अधिक राशन कार्ड धारी हैं भाजपा के सरकार बनते ही इन राशन कार्ड धारी को नियमित रूप से राशन नहीं मिल पा रहा है राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से पहले



सबको परेशान किया गया कई लोगों का राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं किया गया उनका राशन मिलना बंद हो गया है अब एक बार सबको राशन कार्ड देने के लिए सरकारी दफ्तर में बुलाया जा रहे हैं लंबी-लंबी लाईन लगी हुई है दफ्तर में बैठे अधिकारी कर्मचारी राशन कार्ड धारी को रोज दफ्तर का चक्कर लगवा रहे हैं पहले राशन कार्ड जमा करवाया जाता है कि दूसरे दिन लेने के लिए बुलाया जाता है इससे लोगों के काम धाम रोजी रोजगार पर प्रभाव पड़ रहा हैं महिलाये धूप में दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 15 साल के भाजपा शासन काल के दौरान भी यही स्थिति थी हर महीना राशन कार्ड धारी से कभी आधार कार्ड तो कभी परिचय पत्र मंगाया जाता रहा है आज फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है राशन कार्ड में गड़बड़ी कर चावल में घोटाला करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। 15 साल के शासनकाल में 20 लाख फर्जी राशन कार्ड बनाया गया था। 36000 करोड रुपए का नान घोटाला हुआ था और एक बार फिर उसी दिशा में भाजपा की सरकार आगे बढ़ रही है।

# नगर निगम में वार्डों के विस्तार की प्रक्रिया शुरू

■ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता महापौर पद की दौड़ शामिल

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 जून।** नगर निगम में वार्ड परिसीमन के तहत वार्डों के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर निगम चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों ने अपने-अपने वार्डों में फ्लैक्स लगाने शुरू कर दिए हैं। नगर निगम में पूर्व सभापति रहे प्रफुल्ल विश्वकर्मा भी महापौर के दावेदार के रूप में सामने आए हैं।

राज्य शासन के निर्देश पर 14 जुलाई तक वार्ड के विस्तार की प्रक्रिया पूरी करनी है। कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा एडीएम पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगर निगम में 70 वार्ड हैं जिनमें सभी वार्डों में जनसंख्या बराबर करना है। वर्तमान में सबसे बड़ा कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड हो गया है। जिसमें जब्बार नाला, कचना सहित रिंग रोड बाइपास, दिलबाग ढाबा से विधानसभा



तिराहा शामिल है। वर्तमान में यहां बीएसयूपी के मकान हैं। जिसमें ईरानी डेरा वाले रहते हैं। वार्ड की पार्षद सुशीला धीवर के अनुसार नगर निगम का यह सबसे बड़ा वार्ड होगा। भाठागांव में भी बीएसयूपी क्वार्टर बन गया है। बीएसयूपी क्वार्टर में आत्मानंद वार्ड के विस्थापितों को सुयश हॉस्पिटल के पीछे स्थानांतरित कर दिया गया है जिसके चलते उन्हें मतदान स्वामी आत्मानंद वार्ड में करना होगा। स्वामी आत्मानंद वार्ड और चूड़ामणि वार्ड में उछला तालाब, लवकुश विहार को लेकर भी राजनीति है। पूर्व पार्षद ने उछला तालाब को अपने वार्ड से कटवा दिया है। जोन क्रमांक 5 के कमिश्नर के अनुसार जोन के अंतर्गत सात वार्ड आते हैं। प्रोफेसर कालोनी व ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में डंगनिया को भी लेकर विवाद है। जोन कमिश्नरों के अनुसार अभी प्रक्रिया चल रही है। शासन का जो भी निर्णय होगा वह माना जाएगा।

**प्रफुल्ल विश्वकर्मा महापौर पद की दौड़ में :** महापौर पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है लेकिन कई महत्वाकांक्षी नेता महापौर पद के दावेदार के रूप में सामने आए हैं। प्रफुल्ल विश्वकर्मा आज अपना जन्मदिवस मना रहे हैं। इसी बहाने वे पूरे शहर में फ्लैक्स लगाकर अपने समर्थकों को भी जोड़ रहे हैं। प्रफुल्ल विश्वकर्मा का कहना है कि वे 2 बार सभापति व 4 बार पार्षद रह चुके हैं इसलिए वे महापौर के दावेदार हैं। फ्लैक्स में सांसद बृजमोहन अग्रवाल का फोटो नहीं है। मूणत का फोटो सभी दावेदार लगा रहे हैं।

# संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की तबादला सूची जारी करने की तैयारी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 जून।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद सात जिलों के कलेक्टर एवं दो से अधिक जिलों के संभागायुक्त को बदलने की कवायद तेज हो गई है। राज्य शासन नए डीजीपी की भी नियुक्ति करने वाली है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के पश्चात लोकसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लग गई थी। जो कि अब हटा दी गई है। राज्य में साय सरकार बनने के बाद जिन कलेक्टरों के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थी उन्हें हटा दिया गया है लेकिन अब कोरबा, कवर्धा, रायगढ़ सहित कुछ और जिलों के कलेक्टरों को हटाया जाएगा। कवर्धा के कलेक्टर ने स्वेच्छा से स्थानांतरण की मांग की है। राज्य के आईएएस अधिकारी प्रभारी मंत्रियों के संपर्क में हैं। रायपुर के कमिश्नर संजय अलंग भी इसी महीने अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। वे रायपुर तथा बिलासपुर के प्रभार पर हैं इसलिए रायपुर एवं बिलासपुर में नया संभागायुक्त नियुक्त करना होगा। सेवा वृद्धि के पश्चात डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल अगस्त महीने में समाप्त हो रहा है। नए डीजीपी के लिए डीपीसी हो चुकी है।

**ट्रांसफर के लिए दबाव बना रहे विधायक :** स्कूली व उच्च शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व सहित अन्य विभागों में ट्रांसफर की सूची तो बना दी गई है लेकिन मुख्यमंत्री सचिवालय ने इसे रोक दिया है। चूंकि विधानसभा सत्र की तिथि घोषित कर दी गई है इसलिए अब ट्रांसफर नहीं किए जाएंगे। राज्य में शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों की सूची जारी हो गई है लेकिन प्राचार्य, व्याख्याता एवं उच्च श्रेणी शिक्षक की स्थानांतरण सूची रुकी हुई है। आदिम जाति विभाग, स्कूल शिक्षा से सामान्य शिक्षा में आने वालों की बड़ी संख्या आवेदन हैं। इस पर शासन निर्णय ले रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कई प्राध्यापक वर्षों से जमे हुए हैं। इनका स्थानांतरण करने की अनुशंसा नवनिर्वाचित विधायकों ने की है। राजस्व अमले में पटवारी, नायब तहसीलदार व तहसीलदारों की स्थानांतरण सूची बना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण अधिकारी, सहायक चिकित्सक एवं अन्य सेवाकर्मियों की भी स्थानांतरण सूची को हरी झंडी नहीं मिल पाई है।

### माशिमं के हेल्पलाइन नंबर से छात्र-पालकों की समस्याओं का हुआ समाधान

**रायपुर, 26 जून।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा इस वर्ष द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय मुख्य परीक्षा में ऐसे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते है जो प्रथम मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हो ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक श्रेणी में है, अनुत्तीर्ण है अथवा उत्तीर्ण है, वे सभी द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल होने आवेदन कर सकते है। विद्यार्थी/पालक/शिक्षक द्वितीय मुख्य परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश समस्या समाधान के लिए मण्डल के टोल फ्री नंबर में प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक 24 जून 2024 से 02 जून 2024 तक संपर्क स्थापित कर सकते है। इस हेतु हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने दिया बलौदाबाजार घटना को अंजाम: अरुण साव

**रायपुर,26 जून।** बलौदाबाजार घटना को लेकर पीड़ितों के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बलौदाबाजार घटना को अंजाम देने का काम किया है. घटना में कांग्रेस पार्टी की भूमिका सार्वजनिक हो चुकी है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर कहा कि राहुल गांधी सकारात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पाएंगे. सभी को अपने राजनैतिक दल के नेता चुनने का अधिकार है. नेता प्रतिपक्ष बनने पर राहुल गांधी को बधाई. प्रतिपक्ष की सकारात्मक भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार की राजनीति इन्होंने की है, मुझे नहीं लगता है कि वो निभा पाएंगे. प्रदेश में आज मनाए जाने वाले शाला प्रवेशोत्सव को लेकर अरुण साव ने कहा कि सभी



विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं. आज से शाला प्रवेशोत्सव की शुरुआत हो रही है. नये प्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत है. हमारी सरकार अच्छी और गुणवत्ता पूर्व शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री के साप्ताहिक जनदर्शन को लेकर अरुण साव ने कहा कि जनदर्शन में लोग अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, उनकी बातें सुनी जाती है, समस्याओं का निदान होता है. इससे लोगों को बड़ा फ़ायदा होता है. मंत्रिपरिषद के अयोध्या दर्शन पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत ही शीघ्र तिथियां निर्धारित होंगी. सभी रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे.

आरंग में गौ रक्षकों पर एकपक्षीय कार्यवाई को लेकर बजरंग दल के आज जेल भरो आंदोलन पर अरुण साव ने कहा कि सरकार अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन कर रही है. सभी संगठनों को लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है. क़ानून व्यवस्था को ध्यान में रखकर सभी अपनी भूमिका बना सकते हैं.

कांग्रेस के बीजेपी के राज में सुरक्षित नहीं है बयान पर अरुण साव ने कहा कि सरकार का काम आप सभी के सामने है. ये लोकतंत्र है, किसी संगठन को किसी मुद्दे पर बात रखनी है, तो सरकार उनकी बात सुनेगी, समझेगी और संभव कार्यवाई करेगी।

# ई वे बिल वापस लेने की मांग

**रायपुर 26 जून ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में जीएसटी कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंप कर राज्य में पचास हजार से अधिक मूल्य के विक्रय पर ई-वे बिल अनिवार्य किए जाने का प्रतिकार करते हुए इसे व्यापारियों के लिए काला कानून बताते हुए वापस लेने की मांग की गई है । जीएसटी के नोटिस का निराकरण करने की बजाय व्यापारियों से अधिकतम राशि पटाने,सेटलमेंट के लिए दबाव बनाए जाने से भी व्यापारी भयभीत है आक्रोशित है । ज्ञापन में छोटे छोटे ट्रांसपोर्टर ,मालवाहक वाहन चालकों की परेशानी दूर करने रास्ते में वाहनों की जांच के नाम पर भयभीत किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई... जीएसटी कमिश्नर श्री रजत बंसल जी की अनुपस्थिति में सहायक कमिश्नर श्री सुनील चौधरी को ज्ञापन दिया गया ।



कन्हैया अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा ।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में व्यवसायियों के लिए अब जिले के अंदर भी 50 हजार रुपए मूल्य से अधिक के सामान विक्रय कर परिवहन करने पर ई-वे बिल जेनरेट करना आवश्यक होगा जिससे व्यापार में जटिलता बढ़ेगी और व्यापारियों को जबरन चोर ठहरा कर वसूली होगी ।उन्होंने कहा कि सरकार बने अभी 06 महीने भी नहीं हुए हैं और व्यापारियों की कथित रूप से सहयोगी सरकार ही व्यापारियों के ऊपर लगातार आफत ढा रही है । पहले स्टेट जीएसटी के लगभग सवा लाख नोटिस व्यापारियों को भेजे जा चुके हैं । भारी संख्या में जारी नोटिस से व्यापारी घबराया हुआ था अब ई - वे बिल के रूप में एक और मुसीबत आ गई है ।

उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे । जीएसटी के नोटिस के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।

ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संतोष बाघमार,राजेश केडिया, सुरेश बाफना, नितेश अग्रवाल, शरद गुप्ता ,मनोज सोनकर, मनोज पाल, रवि शर्मा, देवेंद्र पवार और राजेश त्रिवेदी शामिल थे ।

### ठगी, महिला के खिलाफ शिकायत

**रायपुर, 26 जून ।** राजधानी रायपुर के खमतराई थानाक्षेत्र के बीरगांव स्थित सोसायटी के लोगों ने एक महिला पर ठगी का आरोपी लगाते हुए रायपुर एसपी से शिकायत की है। पीड़ितों ने अपनी शिकायत में बताया है कि महिला द्वारा कमल विहार में जमीन दिलाने तथा स्कीम के तहत लाभ दिलाने के नाम पर ठगी की है साथ ही पैसे वापस मांगने पर झूठे आरोप में फंसाने की धमकी दी है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई थानाक्षेत्र के बीरगांव स्थित डी एम टॉवर रेसीडेंसियल कोऑपरिटव सोसायटी मर्यादित के लोगों ने प्रतिभा शर्मा नाम की महिला पर आरोप लगाया है कि कमल विहार में जमीन दिलाने और कई स्कीम के तहत लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को चूना लगाया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26